RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर


"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 7 , अंकः74 , सोमवार, 27 अप्रैल 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



जेनिथ इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न 03


बेतिया में पुस्तक लोकार्पण समारोह संपन्न, 'नवसृजित-स्तुति संग शुकसागर-तत्त्वसागर'... 04

रकुल प्रीत सिंह ने रेड ड्रेस में ढाया कहर, पति पत्नी और वो दो एक्ट्रेस... 07


संक्षिप्त समाचार

## वॉशिंगटन में फायरिंग ट्रम्प को सुरक्षित निकाला

● सुरक्षाबलों ने राष्ट्रपति को घेरा बनाकर निकाला ● गेस्ट टेबल के नीचे छिपे, हमलावर पकड़ाया

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में सालाना व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट डिनर के दौरान फायरिंग हो गई। शनिवार शाम के इस कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पत्नी मेलानिया और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत कई बड़े अफसर मौजूद थे। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक हमलावर ने होटल के बॉलरूम के बाहर फायरिंग की। ट्रम्प और गेस्ट बॉलरूम के अंदर थे। ट्रम्प ने बताया कि हमलावर को पकड़ लिया गया है। पहले खबर आई थी कि हमलावर को मार गिराया गया। हमले के करीब डेढ़ घंटे बाद ट्रम्प ने मीडिया को संबोधित



किया। उन्होंने कहा– अमेरिका के संविधान पर हमला हुआ। सीक्रेट सर्विस ने मेरी जान बचाई। सुरक्षाकर्मियों ने बहादुरी से काम किया। जिस अफसर को गोली लगी, वह सुरक्षित है। उसने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी थी। हमलावर के पास पावरफुल गन थी। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावर की पहचान 31 साल के कोल टॉमस एलन के रूप में हुई है। वह अमेरिका के कैलीफोर्निया का है। पब्लिक रिकॉर्ड्स के अनुसार, एलन पार्ट–टाइम टीचर और वीडियो गेम डेवलपर था। उसकी प्रोफाइल के मुताबिक, वह दिसंबर 2024 में 'टीचर ऑफ द मंथ' चुना गया था। उसने कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेकनोलॉजी से 2017 में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया।

## एएपी सरकार ने भज्जी से सिक्योरिटी छीनी

● पंजाब पुलिस हटाई, केंद्र ने घर पर सीआरपीएफ लगाई ● साहनी बोले- केजरीवाल ने मुझसे इस्तीफा मांगा

**जालंधर (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के 7 सांसदों के पार्टी छोड़ने को लेकर मचा घमासान थम नहीं रहा है। पंजाब की एएपी सरकार ने पूर्व क्रिकेटर व पार्टी छोड़ने वाले राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह भज्जी की जेड कैटेगरी सिक्योरिटी हटा ली है। उनके जालंधर स्थित घर पर तैनात पंजाब पुलिस



के जवानों को तुरंत वापस बुला लिया गया है। इसके तुरंत बाद ही केंद्र सरकार ने भज्जी को सीआरपीएफ की सिक्योरिटी दे दी। उनके घर के बाहर ये जवान तैनात कर दिए गए हैं। हालांकि भज्जी ने अभी एएपी छोड़ने या बीजेपी जॉइन करने को लेकर कुछ नहीं कहा लेकिन राघव चड्ढा ने उनके भी साथ में होने का दावा किया था। भज्जी से पहले एएपी सरकार ने राघव चड्ढा की भी जेड+ सिक्योरिटी वापस ली थी। इसके बाद उन्हें केंद्र की तरफ से यही सिक्योरिटी मिल गई। इसी बीच एएपी छोड़ने वाले दूसरे राज्यसभा सांसद विक्रमजीत साहनी ने दावा किया कि सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने उनसे इस्तीफा मांगा था।

# बंगाल में लोकतंत्र नहीं, टीएमसी का गुंडा राज चल रहा

● कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या पर जमकर भड़के राहुल गांधी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में एक कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई है। कांग्रेस ने इसका आरोप टीएमसी से जुड़े बदमाशों पर लगाया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी इस मुद्दे को लेकर टीएमसी पर निशाना साधा है।

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या टीएमसी के गुंडो ने की है। पश्चिम बंगाल कांग्रेस ने भी इसको लेकर टीएमसी पर निशाना साधा है और हत्यारों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, कांग्रेस के



कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की चुनाव बाद टीएमसी से जुड़े गुंडों द्वारा की गई हत्या बेहद निंदनीय है। शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। पश्चिम बंगाल में आज लोकतंत्र नहीं, टीएमसी का गुंडा राज चल रहा है। वोट के बाद विरोधी आवाजों को डराना, मारना, मिटाना- यही टीएमसी का चरित्र बन चुका है। कांग्रेस की राजनीति कभी हिंसा पर नहीं टिकी, और न कभी टिकेगी। हमने भी अपने कार्यकर्ता खोए हैं, फिर भी हमने हमेशा अहिंसा और संविधान का रास्ता चुना है।

यही हमारी विरासत है, यही हमारा संकल्प। राहुल गांधी ने आगे कहा, मांग स्पष्ट है सभी दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी हो, कठोरतम सजा मिले, और देबदीप के परिवार को पूर्ण सुरक्षा व मुआवजा सुनिश्चित किया जाए।

### ममता सरकार पर कांग्रेस ने भी साधा निशाना

वहीं बंगाल कांग्रेस ने भी टीएमसी पर निशाना साधा। कांग्रेस ने कहा, पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी आसनसोल में कांग्रेस सपोर्टर देबदीप चटर्जी की बेरहमी से हत्या की कड़ी निंदा करती है। यह घटना आसनसोल नॉर्थ से कांग्रेस उम्मीदवार श्री प्रसेनजीत पुइतांडी के साथ मिलकर काम करने के लिए जानी जाती थी। यह हिंसा चुनाव के बाद हुई एक चौंकाने वाली घटना थी। पीड़ित पर सत्ताधारी ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस से जुड़े बदमाशों ने हमला किया और उसे पीटा, जिसके कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। यह दुखद घटना राज्य में कानून–व्यवस्था की पूरी तरह से खराब हालत को दिखाती है।

# विंड एनर्जी में बहुत आगे बढ़ रहा भारत

● पीएम मोदी बोले-दुनिया की चौथी बड़ी ताकत बना

### मन की बात में शांति के लिए दिया बुद्ध का संदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 133वें एपिसोड में देश की वैज्ञानिक उपलब्धियों से लेकर वैश्विक मौजूदा हालात पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने दुनिया से भगवान बुद्ध के आदर्शों को अपनाने की अपील की। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत विंड एनर्जी में दुनिया की चौथी बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा चुनावों की भागदौड़ के बीच, आपके संदेशों और पत्रों के जरिए हम



नागरिकों की उपलब्धियों की खुशियां साझा करते रहे हैं। इस बार आइए 'मन की बात' की शुरुआत देश की ऐसी ही एक बहुत बड़ी उपलब्धि से करें। कुछ दिन पहले भारत के परमाणु वैज्ञानिकों ने देश को एक और बड़ी उपलब्धि से गौरवान्वित किया है।

### वैश्विक तनाव पर दिया बुद्ध का संदेश

पीएम मोदी ने कहा कि मई का महीना एक शुभ अवसर के साथ शुरू हो रहा है और कुछ ही दिनों में हम बुद्ध पूर्णिमा मनाएंगे। उन्होंने देशवासियों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गौतम बुद्ध का जीवन संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध ने हमें सिखाया कि शांति की शुरुआत हमारे भीतर से होती है और स्वयं पर विजय सबसे बड़ी जीत होती है।

### पवन ऊर्जा में भारत अब बड़ी ताकत

पीएम मोदी ने मन की बात में कहा कि आज वह एक ऐसी शक्ति की बात करना चाहते हैं जो दिखाई नहीं देती, लेकिन उसके बिना जीवन एक पल भी संभव नहीं है– यह शक्ति है पवन ऊर्जा। उन्होंने कहा कि यही ताकत भारत को आगे बढ़ा रही है और आज पवन ऊर्जा देश के विकास की नई कहानी लिख रही है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत ने हाल ही में इस क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है और देश की पवन ऊर्जा क्षमता 56 गीगावाट से अधिक हो गई है, जिससे भारत दुनिया के अग्रणी चार देशों में शामिल हो गया है।

## सऊदी के बाद पहुंचे अबू धाबी पहुंचे एनएसए

**अबू धाबी (एजेंसी)।** मध्य पूर्व में तनाव के बीच भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल अबू धाबी पहुंचे हैं। शनिवार 25 अप्रैल को उन्होंने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जाएय अल नाह्यान से मुलाकात की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बैठक में दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय स्थिरता और पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर चर्चा की। बैठक का मुख्य जोर सुरक्षा चिंताओं, आर्थिक हितों के साथ ही इजरायल-ईरान युद्ध के बाद क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच आपसी तालमेल पर था।

**खाड़ी में भारत तेज कर रहा पहुंच–** एनएसए अजीत डोभाल का यह दौरा भारत की खाड़ी देशों तक पहुंच बनाने की कोशिश का हिस्सा है, जिसे अमेरिका और ईरान में बढ़ते तनाव के बीच तेज कर दिया गया है। इसके पहले 20 अप्रैल को डोभाल ने सऊदी अरब की यात्रा की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर की गई इस यात्रा में सऊदी अरब के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठकें हुई थीं।

# आसमान से बरस रही आग, '47 पार' पारा

● उत्तर भारत में बुरा हाल, हीटवेव करेगी परेशान

### यूपी, दिल्ली, एमपी और राजस्थान में रेड अलर्ट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूपी, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब और एमपी में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में ही तापमान सामान्य से पांच डिग्री से अधिक ऊपर पहुंच गया है। कई इलाकों में दिन के समय सड़कें और बाजार सुनसान नजर आ रहे हैं। सड़कों पर कम लोग नजर आ रहे हैं। पहाड़ी क्षेत्र भी गर्मी की चपेट में हैं। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में शनिवार को देश का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। यहां अधिकतम तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से 6.2 डिग्री अधिक है। यह न केवल यूपी बल्कि पूरे देश में इस मौसम का सबसे ऊंचा पारा है। उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर में तो वर्ष 2009 के बाद पहली बार अप्रैल में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा है। इस बीच मौसम विभाग ने लू चलने की चेतावनी जारी की है।

### उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में रातें गर्म रहेंगी

आईएमडी ने यह भी संकेत दिया है कि जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में आने वाले दिनों में लू चलने के आसार हैं। साथ ही कहा कि उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में रातें गर्म रहेंगी और तटीय व पूर्वी क्षेत्रों में मौसम गर्म और उमस भरा रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने एक अधिकारी ने बताया कि उत्तर–पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में 27 अप्रैल तक कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं होगा।

# जेडीयू नए चेहरों को देगी मौका, मगध-तिरहुत से सवर्ण बनेगा मंत्री

● बिहार सरकार के नए मंत्रिमंडल में दिखेगा क्षेत्रीय-सामाजिक समीकरण

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर राजनीतिक गलियारे में यह चर्चा तेज है कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार में क्षेत्रीय व सामाजिक समीकरण का नया स्वरूप दिख सकता है। अगड़ी, पिछड़ी और अति पिछड़ी जाति तीनों के संदर्भ में यह बात कही जा रही है। वहीं, जदयू अपने कुछ पूर्व मंत्रियों के नाम पर यथास्थिति मोड में हैं। भाजपा कुछ पुराने चेहरे पर दृढ़ तो है ही, लेकिन क्षेत्रीय व सामाजिक समीकरण को ध्यान में रख कई नए नाम को मंत्रिमंडल में जगह मिलने की उम्मीद है।

**क्षेत्रीय समीकरण को साधेगी बीजेपी –** भाजपा में क्षेत्रीय समीकरण के मामले को सामाजिक समीकरण से जोड़ा जा



रहा। मगध क्षेत्र से भाजपा ने अति पिछड़ी जाति को महत्वपूर्ण पद पर जगह दिया हुआ है। इसलिए यह कहा जा रहा कि मगध क्षेत्र से किसी सवर्ण जाति के विधायक को मंत्री बनाया जा सकता है। जिस जिले में भाजपा ने 2025 के विधानसभा चुनाव में बेहतर उपलब्धि हासिल की है, वहां से किसी सवर्ण विधायक को मंत्री पद की जिम्मेदारी मिल सकती है। इसी तरह तिरहुत प्रमंडल के बारे में भी बात की जा रही। तिरहुत इलाके से पिछली सरकार में अति पिछड़ा वर्ग से एक महिला मंत्री थीं भाजपा कोटे से। इसलिए तिरहुत से भी किसी सवर्ण विधायक को भाजपा कोटे से मंत्री बनाया जा सकता है। दरभंगा इलाके से किसी ब्राह्मण विधायक को मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है। पूर्व में भाजपा ने दो बार अपने कोटे से ब्राह्मण समाज के विधायक को मंत्री बनाया था। एक महिला विधान पार्षद को भी सम्राट सरकार में जगह मिल सकती है। अभी तक वह मंत्री नहीं रही हैं।

**जदयू में कुछ नए चेहरे को पहली बार मिलेगा मौका–** जदयू कोटे से सम्राट सरकार में कौन-कौन मंत्री बनेंगे। इस बारे में यह कहा जा रहा कि कई नामों पर यथास्थिति रहेगी। जिन नामों पर यथास्थिति की बात कही जा रही उनमें वे लोग शामिल हैं, जो नीतिश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार में कई बार मंत्री रह चुके हैं। इनकी संख्या 8 से 9 के बीच रह सकती है।

### लोजपा (रामविलास), रालोमो व हम में बदलाव की गुंजाइश नहीं

मंत्रिमंडल विस्तार के तहत एनडीए के तीन अन्य घटक दल लोजपा (रामविलास) रालोमो व हम की सूची में किसी तरह के बदलाव की गुंजाइश नहीं दिख रही। लोजपा (रामविलास) से पूर्व की सरकार में मंत्री रहे एक विधायक को जगह नहीं मिलने की बात चर्चा में जरूर है, लेकिन लोजपा नेतृत्व इसे अफवाह बता रहा। रालोमो से उपेंद्र कुशवाहा के पुत्र फिर मंत्री बनेंगे यह तय है। इसी तरह हम से जीतन राम मांझी के पुत्र संतोष का मंत्रिमंडल में शामिल होना पूर्व के निर्णय के तहत ही है।

● एलएसी पर बढ़ेगी ताकत, चीन की नींद उड़ाएगी भारत-दक्षिण कोरिया की ये दोस्ती!

# दक्षिण कोरियाई तकनीक से लैस होंगी अपनी तोपें

**नई दिल्ली/सियोल (एजेंसी)।** भारत और दक्षिण कोरिया के बीच बनने वाले सैन्य संबंध पर चीन की गहरी नजर है। खासकर भारत की दक्षिण कोरिया के साथ तोपखाने और एंटी-एयरक्राफ्ट गनों के क्षेत्र में रक्षा उद्योग सहयोग बढ़ाने की कोशिश को चीन अपने लिए संवेदनशील मान रहा है। माना जा रहा है कि भारत इन तोपों को हिमालय में उन क्षेत्रों में तैनाती करेगा जहां चीन से विवाद रहता है। भारत की तीन-दिवसीय यात्रा के दौरान सोमवार को भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के



बाद, दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे-म्युंग ने घोषणा की कि सियोल और दिल्ली अपने आर्थिक सहयोग को बेहतर बनाने पर सहमत हो गए हैं। इसके तहत जहाज निर्माण, रक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसे अहम क्षेत्रों पर खास ध्यान दिया जाएगा। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली ने कहा कि दक्षिण कोरिया भारत की आत्मनिर्भर भारत नीति का पूरी तरह से समर्थन करता है और उसे उम्मीद है कि वह भारतीय रक्षा उपकरणों के उत्पादन और संचालन में सक्रिय रूप से मदद करेगा।

### भारत-दक्षिण कोरिया के-9 वज्र समझौते पर ड्रैगन की तीसरी आंख है सक्रिय

आपको बता दें कि के 9 वज्र–ए भारत में ही बनाया जाता है और यह दक्षिण कोरिया के के 9 थंडर डिजाइन पर आधारित है। इसका सिस्टम हान्वा एयरोस्पेस से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के जरिए तैयार किया गया था और इसे भारतीय सेना के रेगिस्तानी और ऊंचे पहाड़ी इलाकों के हिसाब से ऑप्टिमाइज किया गया है। भारतीय सेना ने इन होवित्जरों को देश के उत्तरी लद्दाख इलाके में तैनात किया है जिसका मकसद चीन और पाकिस्तान के साथ भारत के सीमा तनाव के बीच अपनी लंबी दूरी की मारक क्षमता को बढ़ाना है। दिल्ली के विदेश मंत्रालय के पेरियासामी कुमारन ने सोमवार को ली की यात्रा के दौरान कहा कि भारत दक्षिण कोरिया के साथ अपने रक्षा उद्योग सहयोग को तीसरे चरण तक विस्तार देना चाहता है। सिंगापुर के एस. राजारत्नम स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में साउथ एशिया प्रोग्राम के सीनियर एनालिस्ट निशांत राजीव ने कहा कि होवित्जर और एंटी–एयरक्राफ्ट गन भारत की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी हैं क्योंकि दक्षिण कोरिया से मिला के–9 आर्टिलरी सिस्टम भारत की विवादित सीमाओं पर उसकी मारक क्षमता को और बढ़ा देता है।

### भारत-दक्षिण कोरिया संबंध पर चीन की टेढ़ी नजर

हंकुक यूनिवर्सिटी ऑफ फॉरेन स्टडीज में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर कांग जून–यंग ने कोरिया टाइम्स से कहा कि इस बात की बहुत ज्यादा संभावना है कि बीजिंग, दक्षिण कोरिया और भारत के बीच रक्षा और सप्लाई–चेन सहयोग को बहुत ही आलोचनात्मक नजर से देखेगा। उन्होंने कहा खास तौर पर चूंकि भारत का चीन के साथ सीमा विवाद चल रहा है इसलिए बीजिंग इस बात को लेकर स्वाभाविक रूप से संवेदनशील है कि दक्षिण कोरिया के हथियार सिस्टम से भारत की सैन्य शक्ति में बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने आगे कहा चूंकि सिर्फ निर्यात से आगे बढ़कर टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और स्थानीय उत्पादन पर ध्यान है।

## टेकऑफ के दौरान स्विस प्लेन का इंजन फेल, आग लगी

6 घायल, 4 नवजात समेत 232 लोग सवार थे; फ्लाइट ज्यूरिख जा रही थी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली एयरपोर्ट में टेकऑफ के दौरान स्विस प्लेन का इंजन फेल हो गया। स्विस एयरलाइंस की एस 147 फ्लाइट शनिवार देर रात 1.08 बजे टेकऑफ करने वाली थी। तभी उसका एक इंजन फेल हो गया और उसमें आग लग गई। इसके बाद पायलट ने तुरंत विमान रोक दिया। अधिकारियों ने बताया कि रनवे पर इमरजेंसी स्लाइड का इस्तेमाल करके सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया। 6 यात्री घायल हो गए। फ्लाइट स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख जाने वाली थी। स्विस एयरलाइन ने एक बयान में कहा, हमें दिल्ली में फ्लाइट एस 147 से जुड़ी घटना के बारे में जानकारी मिली है। जिस विमान में खराबी आई, वह एयरबस एस 330 है। घटना भारतीय समय के अनुसार रात 1 बजे के बाद की है। जैसे ही विमान टेकऑफ करने के लिए रनवे में आया। विमान के बाईं ओर लैंडिंग गियर से धुआं निकलता देखा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### 35 ग्राम स्मैक के साथ 3 तस्कर अरेस्ट, बरांटी थाना क्षेत्र में कार्रवाई, जंदाहा-बिदुपुर मार्ग से पकड़े गए

**हाजीपुर**। वैशाली के बरांटी थाना क्षेत्र में पुलिस ने 35.34 ग्राम स्मैक/ब्राउन शुगर के साथ तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 25 अप्रैल 2026 की शाम को जोगी बाबा स्थित पुलिया के पास की गई। वैशाली पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने और तस्करों को गिरफ्तार करने के लिए लगातार सघन वाहन जांच अभियान और छापेमारी की जा रही है। इसी अभियान के तहत यह सफलता मिली है। 25 अप्रैल की शाम को बरांटी थाना को सूचना मिली थी कि कुछ मादक पदार्थ तस्कर जंदाहा के रास्ते बिदुपुर की ओर जा रहे हैं। इस सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए वैशाली पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम गठित की गई। इस टीम का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, महुआ, संजीव कुमार ने किया, जिसमें बरांटी थानाध्यक्ष, दंडाधिकारी और एसटीएफ के सदस्य शामिल थे। गठित टीम ने जोगी बाबा स्थित पुलिया के पास घेराबंदी कर एक सफेद रंग की कार को रोका। कार में सवार तीन मादक पदार्थ तस्करों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान रविशंकर कुमार (पिता- कपिलदेव ठाकुर, निवासी चेचर, थाना- बिदुपुर, जिला- वैशाली), कुंदन कुमार (पिता- नरेश राय, निवासी दाउदनगर, थाना- बिदुपुर, जिला- वैशाली) और राखी देवी उर्फ राखी जायसवाल (पति- मुन्ना कुमार, निवासी व थाना- मोतिहारी) के रूप में हुई है। अंधेरे का फायदा उठाकर एक अन्य व्यक्ति भागने में सफल रहा, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। इस संबंध में राजापाकड़ (बरांटी) थाना में कांड संख्या 206/26 दर्ज कर तीनों गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वे सिलचर से अवैध मादक पदार्थ लेकर आ रहे थे। उन्होंने मादक पदार्थ बेचने के स्थानों और अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में भी जानकारी दी है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास का पता लगा रही है और मामले की आगे जांच जारी है।

### भगवानपुर पुलिस ने अवैध पिस्टल के साथ एक को पकड़ा, रात की गश्त के दौरान हुई गिरफ्तारी

**हाजीपुर**। वैशाली के भगवानपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी रात की गश्त के दौरान हुई, जिससे एक संभावित आपराधिक घटना को टाल दिया गया। सदर एसडीपीओ गोपाल मंडल ने बताया कि सब इंस्पेक्टर नथनी ठाकुर अपनी टीम के साथ कल रात गश्त पर थे। प्रतापताड़ चौक के पास उनकी नजर एक संदिग्ध व्यक्ति पर पड़ी, जो अपनी बाइक खड़ी कर सड़क किनारे बैठा था। पुलिस को देखते ही वह व्यक्ति बाइक स्टार्ट कर तेजी से भागने लगा, जिसके बाद पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम शशि सिंह उर्फ गुड्डू कुमार बताया, जो गरौल थाना क्षेत्र के पोझा गांव का निवासी है। पुलिस ने वीडियोग्राफी के साथ उसकी तलाशी ली, जिसमें उसके पास से एक देशी पिस्टल बरामद हुई। पिस्टल में मैगज़ीन लगी थी, लेकिन उसमें कोई कारतूस नहीं था। पूछताछ में शशि सिंह ने बताया कि वह लूटपाट करने के इरादे से वहां रुका हुआ था। एसडीपीओ गोपाल मंडल ने आगे बताया कि संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर इस व्यक्ति को अपराध करने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया, जिससे एक संभावित बड़ी आपराधिक घटना टल गई। भगवानपुर थाने में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, और गिरफ्तार अभियुक्त शशि सिंह को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।



### वैशाली के बिदुपुर में छात्रा गंगा में डूबी, स्नान के दौरान हादसा, नौवीं कक्षा में पढ़ती थी

**हाजीपुर**। वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह गंगा नदी में स्नान के दौरान एक 14 वर्षीय किशोरी डूब गई। यह घटना रामदौली बालू घाट पर हुई, जब किशोरी अपनी मां के साथ घरेलू पर्व के अवसर पर स्नान कर रही थी। जहांगीरपुर नया टोला निवासी अरविंद कुमार सिंह की पुत्री आलिया कुमारी उर्फ परी स्नान करते समय पैर फिसलने से गहरे पानी में चली गई। स्थानीय लोगों ने उसे बचाने के लिए गंगा नदी में छलांग भी लगाई, लेकिन वह तुरंत गहरे पानी में समा गई। घटना की सूचना मिलते ही घाट पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। बिदुपुर थाना पुलिस और डायल 112 के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एसडीआरएफ टीम को घटना की जानकारी दी। हालांकि, सूचना मिलने के तीन घंटे बाद भी एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी। आलिया कुमारी अपने चार भाई-बहनों में सबसे छोटी थी और नौवीं कक्षा में पढ़ती थी। दो सप्ताह पहले ही आलिया की बड़ी बहन की शादी हुई थी।



### हिस्ट्रीशीटर ने महिला को धमकाया, '5 लाख लो, बेटी दो', मुजफ्फरपुर में शादी के लिए दबाव बनाया

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में हिस्ट्रीशीटर ने महिला पर पांच लाख रुपए लेकर बेटी की शादी कराने का जबरन दबाव बनाया। महिला के इनकार करने पर आरोपी ने न सिर्फ फायरिंग की, बल्कि परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना साहेबगंज थाना क्षेत्र के बंगरा निजामत गांव की है। पीड़ित महिला के अनुसार, 15 अप्रैल को पहाड़पुर मनोरथ निवासी जयप्रकाश तिवारी ने फोन कर पांच लाख रुपए लेने और बेटी की शादी उससे कराने की बात कही। जब इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया, तो अगले दिन आरोपी तीन-चार लोगों के साथ स्कॉर्पियो से उसके घर पहुंच गया।बेटी को जबरन उठाकर ले जाने का प्रयास किया। हालांकि गांव के लोग जुट गए, जिसके बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। महिला ने बताया कि 18 अप्रैल को आरोपी फिर घर के सामने आया और पिस्टल से करीब पांच राउंड फायरिंग कर दहशत फैलाया। इस दौरान परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। डर अपने भाइयों को बुलाया। उन्होंने आरोपी से बात करने की कोशिश की। इस दौरान एक भाई के साथ मारपीट कर दी, जिससे उसके सीने की हड्डी टूट गई। इस मामले में महिला ने साहेबगंज थाने में आरोपी जयप्रकाश तिवारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है । आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### हाजीपुर में युवक का शव पंखे से लटका मिला

**हाजीपुर**। हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र के दिघी कला पूर्वी पचकुरवा मोहल्ले में शनिवार सुबह एक युवक का शव उसके कमरे में पंखे से लटका मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। मृतक की पहचान 38 वर्षीय गौतम कुमार मिश्रा के रूप में हुई है, जो औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत हिलालपुर निवासी स्वर्गीय रंजीत कुमार मिश्रा के पुत्र थे। वर्तमान में वह दिघी कला पूर्वी पचकुरवा में रह रहे थे और अपने छह भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। सदर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि उन्हें एक व्यक्ति द्वारा फंदे से लटककर जान देने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची, तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़ने पर युवक का शव पंखे से लटका हुआ पाया गया। जानकारी के अनुसार, मृतक के स्वजनों ने बताया कि वे गौतम को नशा करने से मना करते थे, जिस कारण अक्सर घर में विवाद होता था। इस वजह से गौतम मानसिक तनाव में रहते थे। शनिवार सुबह जब उनकी पत्नी चाय बनाने गई थीं, उसी दौरान गौतम ने अंदर से दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। इस घटना की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया और स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव स्वजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, हालांकि मृतक के परिवार वालों की ओर से अभी तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 10 साल की बच्ची से रेप और हत्या का आरोपी गिरफ्तार

## पटना में पहचान छिपाने के लिए लोढ़ी से सिर कुचला, कंबल में लपेटकर फेंकी डेड बॉडी

**एजेंसी, पटना**

पटना में छठी क्लास की छात्रा (10) की हत्या कर दी गई थी। गुरुवार को रोशनी की डेड बॉडी मिली थी। हत्या का आरोपी उसका पड़ोसी ही निकला है। पटना पुलिस ने मुख्य आरोपी रंजीत कुमार (39) को गिरफ्तार कर लिया है। मामले का खुलासा करते हुए रविवार को SSP कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि आरोपी ने बच्ची के साथ रेप की कोशिश की, लेकिन वो अपने मंसूबे में नाकाम नहीं हुआ तो लोढ़ी (मसाला पीसने वाला सामान) से बच्ची का सिर कुचलकर मार डाला। आरोपी ने हत्या करने के बाद दिनभर बॉडी को अपने कमरे में रखा और देर रात शव को कंबल में लपेटकर तालाब में फेंकने जा रहा था, तभी उसे पुलिस की गश्ती गाड़ी दिखी तो गली में ही फेंककर आरोपी अपने कमरे में आ गया।



23 अप्रैल यानी बुधवार की सुबह बच्ची दूध लेकर लौट रही थी। उस वक्त आरोपी ने बच्ची को बहलाकर अपने कमरे में ले गया। फिर आरोपी ने कमरे का दरवाजा बंद किया तो बच्ची चिल्लाने लगी। इसी दौरान आरोपी ने लोढ़ी से सिर पर हमला कर दिया, जिसमें बच्ची की मौत हो गई। मौत के बाद आरोपी ने डेड बॉडी को अपने बेड के नीचे छिपा दी। फिर देर रात में शव फेंकने जा रहा था। तभी पुलिस की गाड़ी दिखी तो वह गली में ही डेड बॉडी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने रंजीत के कमरे से लोढ़ी, खून से सना तकिया, दीवार पर लगे खून के छींटे, दूध वाला केन बरामद किया है।

हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद रंजीत सबूत मिटाने में जुट गया था। कुछ सामान कूड़ेदान के आसपास फेंक भी दिया था, जिसे पुलिस ने बरामद किया। इसके बाद पुलिस एक्टिव होकर जांच शुरू की और आरोपी तक पहुंची।

**डॉग स्क्वायड की मदद से पहुंची पुलिसः** पुलिस के मुताबिक, कूड़ेदान से बच्ची का सामान और खून के छींटे मिले। इसके बाद डॉग स्क्वायड की टीम ने खून के निशान का पीछा किया और दरिंदा के घर तक पहुंची। तकनीकी तड़ताल से भी पड़ोसी दरिंदा पर शक गहरा गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया।


**घर से 500 मीटर दूर मिली थी लाशः** बच्ची का अपहरण 23 अप्रैल की सुबह हुआ और उसी दिन उसकी हत्या कर दी गई। अगले दिन 24 अप्रैल यानी गुरुवार की सुबह घर से करीब 500 मीटर दूर एक गली में कंबल में लिपटी उसकी लाश मिली थी। जांच के दौरान पुलिस को कई सुराग मिले। शव मिलने वाली जगह से करीब 200 मीटर दूर कचरे के ढेर से बच्ची की चप्पल, खून से सना फुल पैंट, रुमाल और चादर बरामद की गई। वहीं, शव मिलने के बाद गुरुवार को गुस्साए परिजन और स्थानीय लोगों में पटना-फतुहा सड़क जाम कर दिया था और टायर जलाकर हंगामा किया।

# पटना मेट्रो 27 अप्रैल को रहेगी बंद

**एजेंसी, पटना**

पटना मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों के लिए जरूरी खबर है। 27 अप्रैल को पटना मेट्रो की सेवाएं आम जनता के लिए पूरी तरह बंद रहेंगी। इस दिन कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (CMRS) की टीम निरीक्षण के लिए पटना आ रही है। CMRS की मंजूरी मिलने के बाद ही मेट्रो अगले चरण में आगे बढ़ेगी और खेमनीचक व मलाही पकड़ी तक संचालन का रास्ता साफ होगा। इस निरीक्षण के बाद 28 अप्रैल मंगलवार से फिर यात्रियों के लिए मेट्रो सेवा बहाल कर दी जाएगी।

**CMRS करेगा सुरक्षा और तकनीकी जांचः** CMRS की टीम भूतनाथ से मलाही पकड़ी स्टेशन तक मेट्रो लाइन का निरीक्षण करेगी। इस दौरान ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, प्लेटफॉर्म की सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाएं और अन्य तकनीकी पहलुओं की बारीकी से जांच की जाएगी। सभी तकनीकी और सुरक्षा मानकों पर खरे उतरने के बाद उद्घाटन की तारीख तय होगी। कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (CMRS) की टीम को मार्च में ही आने वाली थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से वो पटना नहीं पहुंची। CMRS की हरी झंडी मिलने के बाद ही आगे मेट्रो दौड़ेगी। 26 फरवरी को भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक 2.75 किमी लंबी दूरी पर पहला ट्रायल रन किया गया था। पटना मेट्रो पहली बार शहर के अंदर दौड़ी थी। इसमें ब्रेकिंग सिस्टम, सिग्नलिंग, ट्रैक, ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन, स्टेशन समन्वय और संचार व्यवस्था, आपातकालीन सुरक्षा प्रोटोकॉल की जांच की गई थी।



**भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक सीएमआरएस करेगी निरीक्षण**

# लूट की साजिश करते 2 आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी, पटना**

पटना पूर्वी इलाके के पटना सिटी अंतर्गत गुड़ की मंडी के पास लूट की वारदात की साजिश करते दो बदमाश पकड़े गए हैं। इनके पास से हथियार भी मिले हैं। इन दोनों बदमाशों की पहचान नीरज कुमार उर्फ विक्की और दीपक कुमार के तौर पर हुई है। SSP कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि आलमगंज थाने को सूचना मिली कि दो लोग ई रिक्शा के जरिए गुड़ की मंडी के पास लूट की वारदात को अंजाम देने के फिराक में जा रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर चेकिंग लगाई गई। इसी बीच एक काला रंग के ई रिक्शा पर दो लोगों को देखा गया, जिन पर आशंका हुई। पुलिस उस ओर बढ़ने लगी। तब तक ई रिक्शा से उतरकर वह दोनों भागने लगे।

**पिस्टल, कारतूस, ई रिक्शा बरामदः** इसके बाद दोनों की घेराबंदी करके खदेड़कर पकड़ा गया। तलाशी ली गई तो पास से एक देसी कट्टा,



1 जिंदा कारतूस मिले। इन लोगों ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि गुड़ की मंडी के पास लूट की वारदात को अंजाम देने जा रहे थे।

पुलिस दोनों आरोपियों के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज खंगाल रही है। दोनों के पास हथियार कहां से आए थे, इसके बारे में भी पता लगाया जा रहा है। जिस जगह पर लूट की वारदात को अंजाम देने जा रहे थे। वहां गश्ती बढ़ा दी गई है। कितने दिनों से प्लानिंग कर रहे थे कब-कब रेकी की थी। उसके बारे में भी पता लगाया जा रहा है। बता दें कि दोनों पटना सिटी के त्रिपोलिया और गुलबी घाट के पास रेंट के मकान में रह रहे थे।

# पालीगंज में तेज रफ्तार ट्रक ने बच्चे को कुचला, सड़क पार करते समय हुई मौत

**एजेंसी, पटना**

पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल में नेशनल हाइवे 139 पर रविवार को एक दर्दनाक हादसे में पांच वर्षीय मासूम की जान चली गई। घटना पालीगंज थाना क्षेत्र के महबलीपुर स्थित भेड़हरिया इंग्लिश गांव के ब्रह्मस्थानी के पास की है। मृतक की पहचान बिंदा चौधरी के पुत्र अनुराग कुमार (5) के रूप में हुई है। तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रहे बच्चे को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**पिता को देखकर सड़क पार कर रहा था बच्चाः** मृतक के पिता बिंदा चौधरी ने बताया कि वे अपने बीमार बेटे को इलाज के लिए अरवल ले जा रहे थे। सड़क के दूसरी ओर खड़ी उसकी मां और बेटा उन्हें देखकर सड़क पार करने लगे। इसी दौरान अरवल की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बच्चे को कुचल दिया।



**आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जामः** घटना के बाद गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने NH-139 को जाम कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी समझाने के बाद जाम हटवाया।

**ट्रक जब्त, चालक हिरासत मेंः** पालीगंज थाना पुलिस ने फौरन कार्रवाई करते हुए ट्रक को जब्त कर लिया है और ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**♦ गुस्साए परिजनों ने किया एनएच-139 जाम**

**स्थानीय लोगों का आरोप—पुलिस नहीं बरत रही सख्तीः** स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र से गुजरने वाले इस हाइवे पर दिन में भी भारी वाहन तेज गति से चलते हैं। पुलिस द्वारा सख्ती नहीं होने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। साथ ही, सड़क की खराब हालत भी दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बताई जा रही है। लगातार हो रहे हादसों के बाद स्थानीय लोग प्रशासन और सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# पटना यूनिवर्सिटी के डिजिटल स्टूडियो में लेक्चर होंगे रिकॉर्ड, हर विभाग से शिक्षकों की सूची तैयार

**एजेंसी, पटना**

पटना यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए डिजिटल स्टूडियो तैयार किया गया है। पिछले हफ्ते ही इसका उद्घाटन हुआ था। अब इसमें काम शुरू कर दिया गया है। इस डिजिटल स्टूडियो के माध्यम से क्लास के दौरान टीचर अपने लेक्चर को रिकॉर्ड कर सकेंगे। इसके साथ ही लेक्चर को यूनिवर्सिटी के यूट्यूब चैनल पर अपलोड भी किया जाएगा। इस डिजिटल लैब में हर दिन कम से कम दो वीडियो लेक्चर रिकॉर्ड किए जाएंगे।

**लेक्चर रिकॉर्डिंग के लिए हर विभाग से शिक्षकों की सूची तैयारः** इस डिजिटल लैब में लेक्चर रिकॉर्डिंग के लिए हर विभाग से शिक्षकों की सूची तैयार कर ली गयी है। टीचर अपनी टाइमिंग के अनुसार लेक्चर रिकॉर्ड करेंगे। इस डिजिटल स्टूडियो के बनने





के बाद अब तक तीन वीडियो लेक्चर रिकॉर्ड किए गए हैं। रिकॉर्डेड लेक्चर में फिलहाल जियोलॉजी, फिजिक्स और गणित विभाग की ओर से लेक्चर रिकॉर्ड किया गया है। इस रिकॉर्ड किए गए लेक्चर को जल्द ही यूनिवर्सिटी के यूट्यूब चैनल पर अपडेट किया जाएगा।

**हर विद्यार्थी को मिलेगा शिक्षकों के लेक्चर का लिंकः** इस डिजिटल लैब के संचालन के लिए टीम बनाई गई है। वीडियो को वेबसाइट पर शेयर करने के लिए एडिटिंग प्रोसेस जारी है। इससे संबंधित विषय के विद्यार्थियों को बार-बार पढ़ने और सुनने का मौका मिलेगा। हर विद्यार्थी विभिन्न विषय के शिक्षकों के लेक्चर का लिंक भी दिया जाएगा, जिससे उनकी तैयारी बेहतर हो सके। आगे यूनिवर्सिटी स्तर पर किए जाने वाले रिसर्च को डिजिटल स्टूडियो से जोड़ा जाएगा।

# पटना जू में जानवरों के लिए लगे 17 कूलर-11 एसी, चिपांजी पी रहा नारियल पानी

**एजेंसी, पटना**

पटना में भीषण गर्मी का असर जानवरों पर भी पड़ रहा है। हीट स्ट्रोक से बचाने के लिए पटना जू ने जानवरों के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। नाईट हाउस में 17 कूलर के साथ 53 फैन लगाए गए हैं, ताकि सामान्य तापमान बना रहे। अजगर-कोबरा के सेल में एसी लगी है। सांपघर, निशाचरघर, मछलीघर में कुल 11 एसी लगाए गए है। जानवरों को ग्लूकोज, मल्टीविटामीन और लू से बचने की दवाइयां दी जा रही है। बाघ और शेर की गुफाओं में ठंडी हवा के लिए कूलर लगे हैं। वहीं तेंदुआ, लकड़बग्घा, स्मॉल कैट, हिमालयन भालू, स्लॉथ बियर, चिम्पांजी, हुलॉक गिब्बन भी कूलर और फैन की हवा खा रहे हैं। सभी नाईट-हाउस के सेल में और छत पर पानी से छिड़काव किया जा रहा है, ताकि जानवरों को गर्मी महसूस न हो। वहीं, नाईट हाउस में रह रहे भालू, टाईगर, आदि जानवरों के शरीर पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। भालू गर्मी से राहत के लिए झरने में नहा रहा है। पक्षियों के बाड़े में तपिश कम करने के लिए वॉटर स्प्रिंकलर और मिस्ट फॉगर के इंतजाम किए गए हैं। पक्षियों के बाड़े में पानी का छिड़काव लगातार किया जा रहा है। एमू, ऑस्ट्रिच के इंक्लोजर में फाउंटेन लगाए गए है। कर्मचारी जानवरों की 24 घंटे निगरानी कर रहे है। डॉक्टर भी रूटीन चेक-अप से मॉनिटरिंग करते रहते हैं। खाने में शाकाहारी जानवरों को ठंडे फल दिए जा रहे हैं। मांसाहारी वन्यजीवों के अपचता को ध्यान में रखते हुए उनके आहार की मात्रा कम की गई है। चिपांजी को नारियल पानी, तरबूज, खरबूज, ककड़ी, खीरा, केला, दही-भात, अनार का रस, अंगूर और संतरा जैसे रसदार फल दिए जा रहे है। वहीं, भालू को आहार में नारियल पानी, तरबूज, ककड़ी, खीरा, संतरा, मौसमी फल, दही, चपाती, खीर दिए जा रहे है।



**ग्लूकोज-मल्टीविटामीन और लू से बचने की दवाइयां भी दी जा रहीं**

# पटना में पुलिसकर्मी ने की खुदकुशी

**एजेंसी, पटना**

पटना के सचिवालय थाना अंतर्गत रहने वाले एक पुलिसकर्मी ने खुदकुशी कर ली है। मृतक पुलिसकर्मी की पहचान BSAP 1 में पोस्टेड रिजर्व गार्ड के हवलदार नवराज सुनार के तौर पर हुई है। यह घटना शनिवार देर रात लगभग 11 बजे की है। पुलिस के मुताबिक, नवराज सुनार बीमारियों के चलते तनाव में चल रहे थे। इसी तनाव में आकर उन्होंने खुदकुशी कर ली।

**3-4 बीमारियों से ग्रसित था हवलदारः** फंदे से बॉडी उतार कर FSL से पूरे कमरे की जांच कराई गई है। बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए IGIMS भेजा गया। वहीं, इस घटना की जानकारी उनके परिजनों को भी दे दी गई है। पटना पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक उन्होंने खुदकुशी की है। शव का IGIMS में पोस्टमार्टम कराया गया। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पोस्टमार्टम



के दौरान उनके सहकर्मी और गोरखा बटालियन के जवान मौजूद रहे। खबर लिखे जाने तक परिजन पटना नहीं आए थे।

**सुसाइड नोट में बीमारी का जिक्रः** एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि कल रात उन्होंने सुसाइड कर लिया। जिस जगह पर उन्होंने सुसाइड किया, वहां से बीमारी से संबंधित सुसाइड नोट मिले हैं। जिसमें उन्होंने बीमारी के बाद होने वाली परेशानी के बारे में बताया है। दूसरा सुसाइड नोट नेपाली भाषा में है। जिसे अपने परिवार के लिए लिखा है। फिलहाल पोस्टमार्टम करा लिया गया है। बॉडी उनके पैतृक गांव नेपाल भेजी जा रही है।

# भामाशाह के आदर्श आज भी प्रासंगिकः संजय सरावगी

**एजेंसी, पटना**

भारतीय जनता पार्टी बिहार भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ द्वारा आज दानवीर शूरवीर भामाशाह की जयंती के मौके पर एक समारोह का आयोजन किया गया। पटना स्थित बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सभागार में आयोजित इस समारोह का उद्घाटन बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित उपस्थित लोगों ने भामाशाह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और उनके जीवन और उनके आदर्शों को याद किया।

बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भामाशाह ने अपनी पूरी संपत्ति राष्ट्र की रक्षा के लिए समर्पित कर दी थी। उनका यह योगदान उस समय अत्यंत महत्वपूर्ण था और आज भी राष्ट्रभक्ति की सर्वोच्च मिसाल के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि शूरवीर भामाशाह का त्याग, समर्पण और राष्ट्र के प्रति उनका अतुलनीय योगदान हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। उनके आदर्शों पर चलकर समाज और राष्ट्र की सेवा



करने का संकल्प ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने वर्तमान समय में भामाशाह के आदर्शों की प्रासंगिकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज समाज को उनके विचारों और मूल्यों की अधिक आवश्यकता है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे अपने सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव के साथ करें।

उन्होंने इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए पंचायती राज प्रकोष्ठ की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से हम आने वाली पीढ़ी को देश के महापुरुषों के बारे में बता सकते हैं। इस अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री शिवेश कुमार, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री रामकृपाल यादव, विधायक संजीव चौरसिया, विधायक रत्नेश कुशवाहा, प्रदेश महामंत्री राधामोहन शर्मा, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू , लोजपा(आर) के राष्ट्रीय व्यापर प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक वर्मा, और उप महापौर रश्मि चंद्रवंशी सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मंच संचालन मुकेश नंदन प्रदेश संयोजक, पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी प्रिंस राज राजू, डॉ. मनीष सिंह, मंटू गुप्ता, हरे कृष्ण, अखलेश भी मौजूद रहे। इससे पहले दानवीर शूरवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी पटना स्थित भामाशाह पार्क (पुनाईचक पार्क) में उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद , दीघा के विधायक संजीव चौरसिया, पूर्व मंत्री नारायण प्रसाद, विधायक लाल बाबू प्रसाद सहित अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## संक्षिप्त समाचार

### महाकुर्की अभियान का असरः 10 से अधिक अभियुक्तों ने किया आत्मसमर्पण, पुलिस की सख्ती रंग लाई

**बीएनएम @ मोतिहारी**। जिले में फरार अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे महाकुर्की अभियान का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। कुर्की-जब्ती की कार्रवाई के डर से विभिन्न थाना क्षेत्रों के 10 से अधिक अभियुक्तों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस इसे बड़ी सफलता मान रही है। पुलिस द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, सुगौली थाना कांड संख्या 620/26 (पशु क्रूरता अधिनियम) के अभियुक्त राजेश पासवान, तुर्कौलिया थाना कांड संख्या 2378/25 (धोखाधड़ी) के अभियुक्त रवि कुमार तथा घोड़ासहन थाना कांड संख्या 104/95 (गृहभेदन कांड) के अभियुक्त दिनेश कुमार ने कुर्की के दौरान आत्मसमर्पण किया। इसी क्रम में सुगौली थाना कांड संख्या 11/17 (पॉक्सो एक्ट) के अभियुक्त जगमोहन कुमार, चकिया थाना कांड संख्या 1669/25 (हत्या का प्रयास) के अभियुक्त शिव मांझी तथा पिपरा थाना कांड संख्या 9831/21 (दहेज प्रताड़ना) के अभियुक्त जगदेव दास समेत एक महिला अभियुक्त ने भी आत्मसमर्पण किया। वहीं हरसिद्धि थाना कांड संख्या 141/25 (विविध कांड) के वारंटी अभियुक्त सुनील शाह, रघुनाथपुर थाना कांड संख्या 330/24 (डकैती कांड) के अभियुक्त अशोक यादव तथा ढाका थाना कांड संख्या 302/24 (हत्या के प्रयास) के अभियुक्त शाहबाज खान उर्फ रविद्दीन ने भी कुर्की के भय से पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरार अभियुक्तों के विरुद्ध कुर्की-जब्ती की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस अभियान के तहत दबाव बढ़ने से अपराधी खुद सामने आ रहे हैं, जो पुलिस की सख्त कार्रवाई का परिणाम है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आगे भी इस तरह के अभियान को तेज किया जाएगा, ताकि फरार अपराधियों को कानून के दायरे में लाया जा सके। इस कार्रवाई से जिले में अपराधियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है, वहीं आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है।

### सिकरहना नदी में नहाने के दौरान हादसाः चार छात्र डूबे, एक की मौत, तीन को मछुआरे ने बचाया

**बीएनएम @ मोतिहारी**। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के लालबेगिया घाट स्थित सिकरहना नदी में रविवार को नहाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। नदी में स्नान कर रहे चार छात्र अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। इस घटना में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि मौके पर मौजूद एक मछुआरे की सूझबूझ से तीन अन्य छात्रों की जान बचा ली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सभी छात्र नदी में नहाने के लिए घाट पर पहुंचे थे। इसी दौरान पानी के तेज बहाव और गहराई का अंदाजा नहीं लगने के कारण वे डूबने लगे। छात्रों की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई।घटना के समय नदी में मछली पकड़ रहे एक मछुआरे ने तुरंत साहस दिखाते हुए पानी में छलांग लगा दी और एक-एक कर तीन छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, चौथे छात्र को बचाया नहीं जा सका और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मुफ्फसिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था और चेतावनी संकेत लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

### बीरगंज में बड़ी कार्रवाईः 13 अवैध ईवी स्कूटर जब्त, कस्टम विभाग को सौंपे जाएंगे वाहन



**बीएनएम @ रक्सौल/बीरगंज**। ट्रैफिक पुलिस कार्यालय बीरगंज ने सरप्राइज चेकिंग अभियान चलाते हुए भारत से अवैध रूप से लाए गए बिना नंबर प्लेट के 13 इलेक्ट्रिक (ईवी) स्कूटरों को जब्त कर लिया। इस कार्रवाई से सीमा क्षेत्र में अवैध वाहनों के संचालन पर सख्त निगरानी का संकेत मिला है। पुलिस के अनुसार, ये सभी स्कूटर बिना किसी वैध कागजात और नंबर प्लेट के सड़कों पर चलाए जा रहे थे, जो कानून का खुला उल्लंघन है। वरिष्ठ पुलिस पदाधिकारी अर्जुन सोडारी के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस टीम ने अभियान चलाकर इन स्कूटरों को अपने नियंत्रण में लिया। अर्जुन सोडारी ने बताया कि बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर विशेष नजर रखी जा रही है और चेकिंग अभियान को और सख्त किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे वाहन दुर्घटना के बाद आसानी से फरार हो जाते हैं, जिससे कानून-व्यवस्था की समस्या बढ़ती है। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि जब्त किए गए सभी स्कूटरों को आगे की कार्रवाई के लिए बीरगंज कस्टम (भंसार) कार्यालय को सौंपा जाएगा। जानकारी के अनुसार, भारत से बिना कस्टम प्रक्रिया पूरी किए लाए गए ये वाहन लंबे समय से सड़कों पर चल रहे थे। ट्रैफिक पुलिस ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में भी इस तरह के अवैध वाहनों के खिलाफ नियमित रूप से जांच अभियान चलाया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

“आज मिथिला नगरिया निहाल सखिया...” से गूंजा मंच,

# जेनिथ इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

बीएनएम @ मोतिहारी





**मोतिहारी**। शहर से सटे लक्ष्मीपुर स्थित जेनिथ इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विद्यार्थियों की शानदार प्रतिभा ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन एमएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय की प्रो. स्नेहा चौरसिया, जेएनवी पिपराकोठी के पूर्व प्राचार्य जेएन प्रसाद तथा समाजसेवी सुदामा राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंच संचालन विद्यालय के प्राचार्य अंजनी अशेष ने किया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही शिक्षा की वास्तविक सफलता है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में केवल किताबों तक सीमित शिक्षा पर्याप्त नहीं है, बल्कि नैतिक मूल्यों का विकास भी उतना ही जरूरी है। वक्ताओं ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि यहां के बच्चों में अद्भुत क्षमता और आत्मविश्वास झलकता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई। इसके बाद बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। ‘इ ह आपन बिहार...’ पर प्रस्तुत भाव-नृत्य ने पूरे सभागार को तालियों की गूंज से भर दिया। वहीं ‘आज मिथिला नगरिया निहाल सखिया...’ गीत पर छात्रा की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा ‘पापा मैं छोटी से बड़ी हो गई...’ गीत पर भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया, जबकि नन्हे-मुन्नों की ‘चलो स्कूल चले हम...’ प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में नवीन श्रीवास्तव, रोशन त्रिपाठी, विक्रम वीर, उज्जवल कुमार, विजय कुमार यादव, प्रीति कुमारी, रितिका दुबे, साक्षी वैभव, रोशनी कुमारी, प्रियंका झा, स्नेहा श्रीवास्तव, प्रियम कुमारी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जिला में बदला मौसम का मिजाजः बादलों की आवाजाही से मिली गर्मी से राहत

बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी**। जिले में रविवार को मौसम ने दिनभर अपना बदला हुआ मिजाज दिखाया, जिससे आमजन को एक ओर गर्मी से राहत मिली तो दूसरी ओर हल्की असहजता का सामना भी करना पड़ा। सुबह की शुरुआत ठंडी और सुखद हवा के झोंकों के साथ हुई, वहीं आसमान में छाए हल्के बादलों ने वातावरण को संतुलित बनाए रखा। इस कारण तापमान में तीव्र बढ़ोतरी नहीं हुई और लोगों को भीषण गर्मी से कुछ हद तक निजात मिली। दिन चढ़ने के साथ ही सूर्य और बादलों के बीच आंख-मिचौनी का सिलसिला जारी रहा। दोपहर के समय जहां धूप ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, वहीं बीच-बीच में बादलों की छांव ने तपिश को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाई। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को अधिकतम तापमान लगभग 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया, जो इस मौसम के लिहाज से सामान्य माना जा रहा है। हालांकि, वातावरण में नमी (आर्द्रता) बढ़ने के कारण दोपहर के समय उमस ने लोगों को थोड़ी परेशानी में डाला। विशेषकर खुले स्थानों और बाजारों में मौजूद लोगों को गर्मी का हल्का अहसास हुआ। बावजूद इसके, बीते दिनों की प्रचंड गर्मी की तुलना में आज का मौसम अपेक्षाकृत सुहावना और राहत भरा रहा। मौसम विभाग ने दोपहर बाद शहर के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना भी जताई है, हालांकि किसी भी प्रकार की तेज बारिश के आसार फिलहाल नहीं हैं। हवा की रफ्तार सामान्य बनी रहने से वातावरण में संतुलन बना रहा और लोगों को हल्की ठंडक का अनुभव होता रहा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हाल के दिनों में पड़ रही भीषण गर्मी के बाद आज का मौसम किसी राहत से कम नहीं है। शहर के प्रमुख बाजारों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर लोगों की सामान्य चहल-पहल देखी गई, जिससे जनजीवन पर मौसम का कोई खास प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान इसी तरह के मौसम बने रहने की संभावना व्यक्त की है। साथ ही, कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश या बादलों के छाए रहने के संकेत भी दिए गए हैं, जो आने वाले दिनों में गर्मी से और राहत दिला सकते हैं।

## आईटी भवन में गंदगी का अंबार, स्वच्छता व्यवस्था ध्वस्त; आमजन परेशान

बीएनएम @ मोतिहारी/चिरैया @ श्रीनिवास कुमार



**मोतिहारी/चिरैया**। चिरैया प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईटी) भवन में स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। भवन के शौचालय, यूरिनल और वॉश बेसिन की हालत बेहद दयनीय है, जिससे यहां आने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, नियमित साफ-सफाई के अभाव में शौचालयों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। भवन में प्रवेश करते ही गंदगी का नजारा साफ दिखाई देता है। सीढ़ियों के हर मोड़ पर पान की पीक से दीवारें सनी हुई हैं, जो साफ-सफाई व्यवस्था की पोल खोल रही हैं। शौचालय में प्रवेश करते ही तेज दुर्गंध के कारण ठहर पाना मुश्किल हो जाता है। यूरिनल में पानी की सुविधा पूरी तरह ठप है और पाइप की भी कोई समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे स्थिति और बदतर हो गई है। वहीं वॉश बेसिन भी बेकार पड़े हैं—न तो उनमें नल लगे हैं और न ही पानी की आपूर्ति हो रही है। गौरतलब है कि इसी भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी (BDO), अंचलाधिकारी (CO), बीपीआरओ और सीडीपीओ सहित कई महत्वपूर्ण विभागों के कार्यालय संचालित होते हैं। प्रतिदिन विभिन्न पंचायतों से सैकड़ों लोग अपने कार्यों के लिए यहां पहुंचते हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं के अभाव में उन्हें भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। एक ओर सरकार स्वच्छता अभियान पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर इस महत्वपूर्ण सरकारी भवन की बदहाल स्थिति सरकारी दावों पर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अविलंब साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके और कार्यालय आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

## महाकुर्की अभियान का असरः तीन अभियुक्तों ने किया आत्मसमर्पण, एक की हो चुकी है मृत्यु

बीएनएम @ मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)**। बीजधरी थाना क्षेत्र में चलाए गए महाकुर्की अभियान का व्यापक असर देखने को मिला है। पुलिस की सख्ती और लगातार दबाव के कारण तीन अभियुक्तों ने कुर्की के भय से आत्मसमर्पण कर दिया, जबकि एक अभियुक्त की पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी है। थाना क्षेत्र के सुंदरापुर झगरुआ चट्टी निवासी प्राथमिक अभियुक्त धर्मदेव सहनी (पिता- भरत सहनी) ने कुर्की की कार्रवाई से बचने के लिए आत्मसमर्पण किया। वहीं, लाला छपरा गांव निवासी हरेंद्र ठाकुर (पिता- रघुनाथ ठाकुर) और नंदन ठाकुर (पिता- रघुनाथ ठाकुर) ने भी कुर्की के भय से पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इसी मामले में अभियुक्त रघुनाथ ठाकुर (पिता- सतहू ठाकुर) की मृत्यु पहले ही हो चुकी है। इस संबंध में बीजधरी थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि फरार अभियुक्तों के खिलाफ महाकुर्की अभियान लगातार चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि “कुर्की की कार्रवाई से बचने के लिए अभियुक्त खुद सामने आ रहे हैं, जो पुलिस की कार्रवाई की सफलता को दर्शाता है। आगे भी ऐसे अभियानों को और तेज किया जाएगा, ताकि कानून से बचने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।” पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है और आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है।

### कटहां पंचायत में डीवाईएफआई यूनिट का कन्वेंशन, 12 सदस्यीय कमिटी गठित



बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी**। जिला के मेहसी प्रखंड के कटहां पंचायत में रविवार को डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) की पंचायत इकाई का कन्वेंशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे हुआ। कन्वेंशन का आयोजन राज्य उपाध्यक्ष सतेंद्र कुमार मिश्रा एवं पूर्व जिला मंत्री संतोष कुमार के प्रवेक्षण में, इम्तियाज अहमद के नेतृत्व में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता अभिषेक कुमार ने की। बैठक में सर्वसम्मति से 12 सदस्यीय कन्वेनिंग कमिटी का गठन किया गया। पंकज कुमार को संयोजक तथा अभिषेक कुमार एवं रिशु कुमार को सह-संयोजक चुना गया। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर 300 सदस्य बनाने हेतु सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। कन्वेंशन में अभिषेक कुमार मुन्ना, रविकिशन कुमार, ललन साह, प्रभाष कुमार, रामलाल कुमार, सुरेंद्र साह, सद्दाम आलम, अंकित कुमार, अंशु कुमार, बिक्कु कुमार, धीरज कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में कार्यकर्ताओं ने एकजुटता के नारे लगाए और बैठक का समापन किया।

## राजगीर डाक सम्मेलन 2026–27: चंपारण प्रमंडल का जलवा, सर्वाधिक पुरस्कार जीतकर बनाया नया कीर्तिमान

बीएनएम @ राजगीर




**राजगीर**। बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर में आयोजित डाक विभाग के वार्षिक बिजनेस सम्मेलन 2026–27 में चंपारण डाक प्रमंडल ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक पुरस्कार हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। लगातार तीसरे वर्ष शीर्ष स्थान प्राप्त कर प्रमंडल ने अपनी कार्यक्षमता और समर्पण का परिचय दिया। सुषमा स्वराज सभागार में आयोजित इस सम्मेलन में बिहार परिमंडल के मुख्य डाक महाध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न डाक प्रमंडलों से आए अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीण डाक सेवकों ने भाग लिया। इस दौरान बचत बैंक, डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, डिजिटल सेवाओं एवं राजस्व वृद्धि जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। चंपारण प्रमंडल ने वर्ष 2025–26 में उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज कीं। प्रमंडल ने बचत खातों में 172 प्रतिशत तथा डाक जीवन बीमा/ग्रामीण डाक जीवन बीमा में 135 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर नया रिकॉर्ड कायम किया। मोतिहारी इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा 12.60 लाख खाते खोलकर देश में प्रथम स्थान हासिल करना भी सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण रहा।सम्मेलन में प्रमंडल के कई अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया। डाक अधीक्षक डॉ. आशुतोष आदित्य को समग्र उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया, जबकि अन्य कर्मियों ने भी अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किए।इस अवसर पर अधिकारियों ने चंपारण प्रमंडल की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि टीमवर्क, समर्पण और जनसेवा की भावना ही इस उपलब्धि का आधार है। साथ ही वर्ष 2026 में सभी शाखा डाकघरों को “आत्मनिर्भर डाकघर” बनाने की दिशा में विशेष पहल की घोषणा की गई। सम्मेलन के दौरान पुरस्कार वितरण के समय सभागार तालियों की गूंज से भर उठा और विजेताओं के चेहरों पर गर्व व उत्साह साफ झलकता रहा। चंपारण प्रमंडल की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि निरंतर प्रयास और नवाचार से सरकारी सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

## हरसिद्धिः वारंटियों पर शिकंजा, 16 अभियुक्त गिरफ्तार, शराब मामलों में भी सख्ती

बीएनएम @ मोतिहारी/ हरसिद्धि



**मोतिहारी/ हरसिद्धि**। हरसिद्धि थाना पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में 5 कांड के अभियुक्त और 11 वारंटी शामिल हैं। पुलिस ने सभी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है। इस सख्त कार्रवाई के बाद क्षेत्र में फरार चल रहे अभियुक्तों के बीच हड़कंप मच गया है। पुलिस की लगातार छापेमारी से आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने की कोशिश तेज कर दी गई है। अभियान के दौरान पुलिस ने वारंटियों की धरपकड़ तेज करते हुए विभिन्न गांवों से कई अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनमें गायघाट, सोनवर्षा, मानिकपुर सरैया, मानिकपुर और बैरियाडीह के वारंटी शामिल हैं, जो लंबे समय से फरार चल रहे थे। इसके साथ ही अवैध शराब के खिलाफ भी पुलिस ने सख्त रुख अपनाया। हरसिद्धि थाना कांड संख्या 224/26 के तहत शराब बेचने के आरोप में पड़रिया गांव के तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं कांड संख्या 225/26 में दो व्यक्तियों को शराब सेवन के आरोप में पकड़ा गया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि समकालीन अभियान के तहत फरार और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। उन्होंने कहा कि कानून से बचने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अपराध पर नियंत्रण पाने में मदद मिल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### कुशवाहा नगर में युवा प्रकोष्ठ का चुनाव संपन्न, गुड्डू कुमार अध्यक्ष व शशिभूषण कुमार सचिव निर्वाचित

**बीएनएम @ घोड़ासहन।** प्रखंड क्षेत्र के कुशवाहा नगर स्थित एसडीएम पब्लिक स्कूल परिसर में रविवार को कुशवाहा समाज की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र भर से समाज के प्रबुद्ध नागरिकों और युवाओं की बड़ी भागीदारी रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव पदों का चुनाव कराना था। निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्यकारिणी सदस्यों की मौजूदगी में चुनाव संपन्न कराया गया। चयन प्रक्रिया के दौरान अध्यक्ष पद के लिए दो नाम प्रस्तावित हुए, लेकिन आपसी सहमति और विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से निर्विरोध चुनाव संपन्न कराया गया। इसमें गुड्डू कुमार को अध्यक्ष, पवन कुमार को उपाध्यक्ष तथा शशिभूषण कुमार को सचिव चुना गया। चुनाव परिणाम घोषित होते ही उपस्थित लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के विकास, युवाओं के संगठन और सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने नई टीम को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि नवगठित युवा प्रकोष्ठ प्रखंड क्षेत्र में कुशवाहा समाज के उत्थान और संगठन को नई दिशा देने का कार्य करेगा।

### बहुअरवा महादलित बस्ती में 14 आशियाने जलकर राख



**बीएनएम @ बगहा।** नेशनल हाईवे 727 बगहा-बेतिया मुख्य मार्ग पर स्थित बहुअरवा महादलित बस्ती में भीषण अग्निकांड ने भारी तबाही मचाई है। प्रखंड बगहा-1 के बसवरिया पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर-1 में अचानक लगी इस आग ने देखते ही देखते तांडव मचा दिया, जिसकी चपेट में आने से लगभग 14 आशियाने जलकर राख हो गए। इस आपदा में पीड़ितों की लाखों रुपये की संपत्ति नष्ट हो गई है। वर्तमान में स्थिति यह है कि अग्नि पीड़ित परिवार सड़क से गुजरने वाली हर गाड़ी और हर अजनबी चेहरे को उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं, कि शायद कोई मददगार उनके आंसुओं को पोंछने आगे आए।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया रौशन तिवारी, चौतरवा थानाध्यक्ष शुभम कुमार और अग्निशमन दल ने मौके पर पहुँचकर स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मुखिया ने बताया कि पीड़ितों की सूची तैयार कर अंचल अधिकारी (सीओ) को भेजी जा रही है ताकि उन्हें शीघ्र सरकारी सहायता मिल सके। फिलहाल, निजी स्तर पर पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा है और प्रशासन की टीम मुस्तैदी से बचाव कार्यों में जुटी है। विपदा की इस घड़ी में बेघर हुए परिवार अपने जले हुए घरों के मलबे से बचे-खुचे सामान को बटोरने की कोशिशों में लगे हैं।

### इस बार सत्ता से बेदखल होंगी ममता बनर्जी : मंगल पांडेय



**बीएनएम @ पटना** : पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य प्रभारी मंगल पांडेय ने हुंकार भरते हुए दावा किया है कि इस बार बंगाल में सत्ता परिवर्तन निश्चित है और ममता बनर्जी की सरकार की विदाई तय है। उन्होंने प्रथम चरण में हुए भारी मतदान को "बदलाव की स्पष्ट आहट" करार दिया। पांडेय के अनुसार, केंद्रीय सुरक्षा बलों की मौजूदगी में जनता ने भयमुक्त होकर रिकॉर्ड मतदान किया है, जो सीधे तौर पर भाजपा के पक्ष में जाता दिख रहा है।मंगल पांडेय ने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा कि जिस प्रकार 2011 में भारी मतदान ने 34 साल पुरानी वामपंथी सरकार को उखाड़ फेंका था, वही स्थिति आज फिर दोहराई जा रही है। उन्होंने बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बंगाल की जनता अब "भय नहीं, भरोसे" के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जता रही है। हालांकि, चुनावी नतीजे 4 मई को ही स्पष्ट करेंगे कि भारी मतदान का यह ऊंट किस करवट बैठता है।

### क्विज प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत



**बीएनएम @ बेतियाः** मझौलिया प्रखंड के सेनुवारिया स्थित लैब एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा छत्रपति साहू जी महाराज की जीवनी पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न समुदायों के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मेयर गायत्री देवी और ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनय पटेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों, जिनमें पुष्पा, नंदनी और सन्नी कुशवाहा शामिल थे, को पुरस्कृत किया।ट्रस्ट के अध्यक्ष नितेश कुमार पटेल ने साहू जी महाराज को सामाजिक न्याय का प्रतीक बताया। वहीं, उप मेयर गायत्री देवी ने जोर देकर कहा कि साहू जी महाराज के सहयोग से ही डॉ. अंबेडकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर सके और संविधान निर्माता बने। मौके पर सुजीत सोनी, दीपक वर्मा और रोहित कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पंडित भरत उपाध्याय ने दी दिवंगत प्रधानाचार्य को भावपूर्ण श्रद्धांजलि


**बीएनएम @ बगहा** : बगहा अनुमंडल के गंडक पार स्थित हरदेव प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज, मधुबनी में पूर्व प्रधानाचार्य पंडित शिवदासिनी त्रिपाठी की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य पंडित भरत उपाध्याय ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि जीवन में सुख या दुःख, हम जिस पर ध्यान केंद्रित करते हैं, वही हमारे जीवन में प्रभावी हो जाता है। उन्होंने सकारात्मकता पर जोर देते हुए कहा कि सकारात्मक दृष्टि सुख की जननी है, जबकि नकारात्मकता जीवन को विषाद से भर देती है।पंडित उपाध्याय ने आध्यात्मिक और वैज्ञानिक तर्क देते हुए समझाया कि जिस भाव की हम उपेक्षा करते हैं, वह धीरे-धीरे अपना अस्तित्व खो देता है। अतः दुःख और निराशा की उपेक्षा कर सदैव प्रसन्नता और प्रेम को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में शिवसागर शुक्ल, पंडित रामवृक्ष मणि, राजेश शुक्ला सहित कई गणमान्य लोगों ने अपने विचार रखे। अतिथियों का स्वागत पंडित विंध्यवासिनी त्रिपाठी ने किया।

### फतेहपुर चौक से हटाया गया अतिक्रमण

**बीएनएम @ बेतियाः** बेतिया के नगर पंचायत मच्छरगांवा में प्रशासन ने अतिक्रमण और सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध कड़ा अभियान चलाया। कार्यपालक पदाधिकारी के नेतृत्व में फतेहपुर चौक पर की गई इस कार्रवाई में सड़क किनारे अवैध रूप से काबिज 11 दुकानदारों के अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया। प्रशासन ने दोबारा कब्जा करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है, जिससे चौक पर यातायात सुगम हुआ है।इसी दौरान पर्यावरण संरक्षण के तहत दुकानों में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ छापेमारी कर दुकानदारों को कड़ी हिदायत दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नगर को स्वच्छ और सुलभ बनाने के लिए ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

# बेतिया में पुस्तक लोकार्पण समारोह संपन्न, 'नवसृजित-स्तुति संग शुकसागर-तत्त्वसागर' का विमोचन

बीएनएम @ बेतिया




**बेतिया।** साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्था 'अनुराग' एवं बाबा हरिदास नागा सरस्वती शिशु/बालिका विद्या मंदिर, राज ड्योढ़ी, बेतिया के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय सभागार में भव्य पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर एमजेके कॉलेज, बेतिया एवं श्री राधाकृष्ण गोयनका कॉलेज, सीतामढ़ी के पूर्व प्राचार्य डॉ. सीता शरण मिश्र 'शरणागत' की चौथी पुस्तक 'नवसृजित-स्तुति संग शुकसागर-तत्त्वसागर' का लोकार्पण एमजेके कॉलेज, बेतिया के पूर्व प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुरेंद्र प्रसाद केसरी ने किया। लोकार्पणकर्ता प्रो. केसरी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. मिश्र की रचनाएं सनातन साहित्य को समृद्ध करने के साथ-साथ आमजन को साहित्य से जोड़ने का कार्य करती हैं। वहीं डॉ. सीता शरण मिश्र 'शरणागत' ने अपनी पुस्तक के बारे में बताया कि यह श्रीमद्भागवत महापुराण के सभी स्कंधों का संक्षिप्त सार प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि अध्यात्म सूक्ष्म और स्थूल के अंतर को समझने का माध्यम है। उन्होंने अपनी पूर्व प्रकाशित पुस्तकों—गीता गीतिका, पुष्पांजलि सहित संक्षिप्त रामचरितमानस एवं दुर्गा देवी दिव्य नामावली—पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि इनका उद्देश्य हिंदी माध्यम से उन लोगों तक वेद-पुराणों का ज्ञान पहुंचाना है, जिन्हें संस्कृत पढ़ने में कठिनाई होती है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ईश्वर शांति महाविद्यालय एवं विधि विद्यालय के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र शरण ने कहा कि डॉ. मिश्र की रचनाएं विज्ञान और अध्यात्म के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय समिति की अध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा बाला श्रीवास्तव ने की, जबकि स्वागत भाषण विद्यालय की प्राचार्या विनीता कुमारी ने दिया। छात्रा वैष्णवी एवं मानसी ने स्वागत गान प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सांस्कृतिक आयाम दिया। मंच संचालन 'अनुराग' के प्रवक्ता डॉ. जगमोहन कुमार ने किया। उन्होंने अपने काव्यात्मक अंदाज में कहा—"ग्रंथ, किताबें, पुस्तकें, ना गुण जाए बखान, धर्म-नीति-विज्ञान से रचती नवल विधान।" अंत में वरीय शायर कमरुज्जमां 'कमर' ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में डॉ. सुरेंद्र कुमार राम, डॉ. कामेश्वर कुमार, चंदेश्वर कुमार, अनुराग के संस्थापक सदस्य अरुण गोपाल, ललन पांडेय 'लहरी', लालबाबू प्रसाद, निखिल चंद्र पांडेय, डॉ. श्याम चंद्र गुप्त, जगदेव प्रसाद, अरुण कुमार वर्णवाल, धनुषधारी उरांव, इमरान कुरैशी, अजहर आलम, शशि देवी, प्रगति कुमारी गुप्ता, पूनम शर्मा सहित जिले के कई कवि, साहित्यकार, शिक्षक एवं अध्यात्म प्रेमी उपस्थित रहे।

## एसएसबी जवानों ने बचाई प्रसूता की जान

बीएनएम @ बगहा



**बगहा** : वाल्मीकि नगर टाइगर रिजर्व के ट्रैकर तीर्थ राज की पत्नी नीरजा कुमारी के लिए 65 वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल के जवान फरिश्ता बनकर सामने आए। लगभग एक सप्ताह पूर्व हुए सामान्य प्रसव के बाद, बीती रात अचानक अत्यधिक रक्तस्राव होने से नीरजा कुमारी की स्थिति अत्यंत चिंताजनक हो गई थी। रात्रि 11:40 बजे सहायता की पुकार मिलते ही, कमांडेंट नंदन सिंह मेहरा के कुशल मार्गदर्शन में कंपनी कमांडर ने बिना समय गंवाए त्वरित कार्रवाई की। मात्र 10 मिनट के भीतर, रात 11:50 बजे सरकारी एम्बुलेंस के माध्यम से महिला को हरनाटाड़ स्थित सुनैना स्मृति सेवा संस्थान पहुँचाया गया।डॉ. कृष्ण मोहन राय की देखरेख में समय पर उपचार मिलने से महिला की जान बच सकी और वर्तमान में उनकी स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है। एसएसबी की इस संवेदनशीलता और तत्परता ने एक बार फिर सीमावर्ती क्षेत्रों में "सेवा, सुरक्षा, बंधुत्व" के मूल मंत्र को चरितार्थ किया है। कमांडेंट नंदन सिंह मेहरा के नेतृत्व में वाहिनी द्वारा निरंतर किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों और आपदा राहत अभियानों ने स्थानीय नागरिकों के भीतर बल के प्रति अटूट विश्वास पैदा किया है। यह घटना दर्शाती है कि कठिन परिस्थितियों में सशस्त्र सीमा बल न केवल सीमाओं का रक्षक है, बल्कि आम जनमानस का सच्चा साथी भी है।

## विश्व पशु चिकित्सक दिवस पर एनीमो पेट केयर में पशु स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बीएनएम @ पटना



पटना। विश्व पशु चिकित्सक दिवस के अवसर पर इस वर्ष की थीम "चिकित्सकः स्वास्थ्य और भोजन के संरक्षक" के तहत एनीमो पेट केयर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम से पूर्व शहर के विभिन्न इलाकों में सैकड़ों आवारा श्वानों को पकड़कर उन्हें एंटी-रेबीज टीका लगाया गया। यह अभियान पशु चिकित्सक डॉ. विकास शर्मा के नेतृत्व में संचालित किया गया। एनीमो पेट केयर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के निदेशक डॉ. विकास शर्मा ने किया, जबकि इसकी अध्यक्षता बुद्धा सोसाइटी के सचिव एवं बिहार रिटायर्ड वेटेरिनरी एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ पटना के विभिन्न क्षेत्रों— फुलवारी शरीफ, अटल पथ, बेली रोड, अनीसाबाद, यारपुर, गर्दनीबाग, कंकड़बाग, पटना सिटी, पटेल नगर, नेहरू नगर, बोरिंग रोड, मैनपुरा, गांधी मैदान एवं बुद्धा कॉलोनी से आए केयर गिवर्स एवं पशु प्रेमियों के साथ केक काटकर किया गया। इस दौरान केयर गिवर्स की समस्याओं, उनकी आवश्यकताओं, सुरक्षा और समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित दवा कंपनियों के प्रतिनिधियों—विपुल, गौतम, प्रशांत, शशांक एवं अंजनी— ने फील्ड में उपयोगी आवश्यक दवाइयाँ निःशुल्क उपलब्ध कराईं। इस अवसर पर बिहार के प्रख्यात ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा सहित रंजीत सर, सलमा जी, रश्मि जी, प्रज्ञा मिश्रा, नीतू, डॉ. स्वीट ठाकुर, नंदनी पांडेय, बंदना जी, रिया, काजल, निकिता, मनीषा, ऑस्कर, केशव, मृत्युंजय, अनंत, रोहित, शंभू, सहजानंद, गोलू, चंदन, लव, रूपा, पूजा, सोनी और दुर्गा सहित कई पशु प्रेमी एवं पशु रक्षक उपस्थित रहे।

## साहू जी महाराज की जीवनी पर क्विज प्रतियोगिता, विजेता छात्रों को किया गया सम्मानित

बीएनएम @ बेतिया



**बेतिया।** सेनवरिया स्थित लैब ऑफ एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में छात्रों के बीच छत्रपति साहू जी महाराज की जीवनी पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय साहू जी महाराज के इतिहास, सामाजिक योगदान और भारत में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण व्यवस्था की पहल पर केंद्रित रहा। ट्रस्ट में निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे दर्जनों विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। खास बात यह रही कि गांव के विभिन्न जाति और धर्म के बच्चों ने इसमें सहभागिता कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनय कुमार पटेल एवं बेतिया नगर निगम की उप मेयर गायत्री देवी द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष नितेश कुमार पटेल ने कहा कि छत्रपति साहू जी महाराज की जीवनी आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बताया कि साहू जी महाराज ऐसे पहले शासक थे जिन्होंने अपने राज्य में पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर सामाजिक न्याय की मिसाल पेश की। मुख्य अतिथि उप मेयर गायत्री देवी ने अपने संबोधन में कहा कि साहू जी महाराज के सहयोग से ही संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर सके और आगे चलकर देश को संविधान दिया, जिसके कारण आज सभी नागरिकों को समानता का अधिकार प्राप्त है। वहीं ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनय कुमार पटेल ने कहा कि संस्था समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करती है, ताकि विद्यार्थियों को इतिहास के महान व्यक्तित्वों के बारे में जानकारी मिल सके। उन्होंने ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष नितेश कुमार पटेल की सराहना करते हुए कहा कि आज के दौर में निःशुल्क शिक्षा देना एक पुनीत कार्य है। कार्यक्रम में ट्रस्ट के सचिव सुजीत सोनी, सदस्य दीपक वर्मा, दीपक कुमार, रोहित कुमार, बिट्टू कुमार, संजय राव, पुष्पा कुमारी, नंदनी कुमारी, संध्या कुमारी, प्रियंका कुमारी, सुमन कुमार, सुगंध कुमार, सन्नी कुशवाहा, अवनीश पटेल, शरफुद्दीन आलम, साजन कुमार, राज कुमार, निकेश कुमार, अखिलेश कुमार, अरबाज आलम, सन्नी पटेल, जीविश कुमार, विपिन कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर सुनी 'मन की बात'



बीएनएम @ बेतिया

**बेतियाः** बेतिया जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने बड़े उत्साह के साथ सुना। नौतन विधानसभा क्षेत्र के विधायक व आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद के आवास पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अभिभावक, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में जुटे। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नीरज कुमार उर्फ बबलू भी उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के विचारों को राष्ट्रहित और जनसेवा के लिए प्रेरणादायी बताया।इसके अतिरिक्त, बैरिया प्रखंड के विभिन्न बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से इस कार्यक्रम का श्रवण किया। प्रखंड अध्यक्ष अवधकिशोर सिंह और शेखर सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पीएम के संदेशों को जन-जन तक पहुँचाने और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## सात निश्चय-3' के तहत 1 करोड़ युवाओं को मिलेगा काम : निशांत कुमार

बीएनएम @ पटना



**पटना।** बिहार की राजनीति में रोजगार का मुद्दा एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। निशांत कुमार ने एक बड़ा दावा करते हुए कहा है कि पार्टी ने "सात निश्चय-3" के तहत आगामी पांच वर्षों में 1 करोड़ लोगों को रोजगार देने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार इस दिशा में ठोस रणनीति के साथ निरंतर कार्य कर रही है।निशांत कुमार ने "सात निश्चय-2" की सफलताओं का उल्लेख करते हुए बताया कि पूर्व में निर्धारित 20 लाख नौकरियों के लक्ष्य के विरुद्ध सरकार ने लगभग 10 लाख सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। साथ ही, विभिन्न अन्य माध्यमों से करीब 40 लाख लोगों को रोजगार से जोड़ा गया है। उन्होंने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इसी आधार पर अब एक बड़ा लक्ष्य तय किया गया है, जिसके लिए सरकार और संगठन दोनों स्तरों पर व्यापक तैयारियां जारी हैं।रोजगार के साथ-साथ निशांत कुमार संगठन को मजबूती देने में भी जुटे हैं। वे लगातार पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कर आगामी रणनीतियों पर चर्चा कर रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि रोजगार के इस बड़े वादे और सांगठनिक सक्रियता के माध्यम से पार्टी आगामी समय में अपनी राजनीतिक पैठ को और अधिक सुदृढ़ करने का प्रयास कर रही है।

## स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी' अभियान के पांचवें रविवार को बच्चों ने भी किया श्रमदान

बीएनएम @ गयाजी




**गयाजी।** विश्व प्रसिद्ध और मोक्षदायिनी फल्गु नदी की निर्मलता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए 'स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी' अभियान के तहत आज पांचवें रविवार को पिता महेश्वर घाट पर वृहद् श्रमदान एवं जनजागरण कार्यक्रम चलाया गया। इस अभियान के संयोजक विजय कुमार मिट्ठू के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों और छोटे-छोटे बच्चों ने मिलकर घाटों की सफाई की और शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य घनी आबादी के बीच स्थित ऐतिहासिक घाटों को गंदगी मुक्त बनाना और नदी के अस्तित्व को बचाना है।श्रमदान में शामिल लोगों ने फल्गु नदी के संरक्षण के लिए सरकार और प्रशासन के समक्ष कई महत्वपूर्ण मांगें भी रखीं। उन्होंने फल्गु के पश्चिमी छोर पर बोधगया से चाकंद तक मरीन ड्राइव और पूर्वी छोर पर सलेमपुर से अलीपुर तक सड़क निर्माण की आवश्यकता जताई। साथ ही, ऐतिहासिक घाटों के सौंदर्यीकरण, रबर डैम की नियमित सफाई और नदी में सालों भर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने की अपील की गई। अभियान के सदस्यों ने 'झिझक छोड़ें, श्रमदान करें' का नारा देते हुए कहा कि यह स्वच्छता अभियान प्रत्येक रविवार को अनवरत जारी रहेगा। मौके पर सह संयोजक मनोज चंद्रवंशी, टिंकू गिरी, मुन्ना मांझी सहित कई कार्यकर्ता और युवा उपस्थित थे।

## अधिकारों को फिर बल प्रदान

जब देश के कई हिस्सों में फ़ज़ीर् मुठभेड़ और बुल्डोजर जस्टिस को प्रशासनिक नीति का हिस्सा बना लिया गया है, मद्रास हाई कोर्ट ने यातना के विरुद्ध नागरिकों के मौलिक अधिकार को इतनी गंभीरता से लिया, ये काबिल-ए-तारीफ है।
दो व्यक्तियों की हिरासत में मौत के मामले में नौ पुलिसकर्मियों को सजा-ए-मौत सुनाया जाना आज के दौर में असाधारण घटना है। जब देश के कई हिस्सों में फ़ज़ीर् मुठभेड़ और बुल्डोजर जस्टिस को प्रशासनिक नीति का हिस्सा बना लिया गया है, मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच ने यातना के विरुद्ध नागरिकों के मौलिक अधिकार के उल्लंघन को इतनी गंभीरता से लिया, ये काबिल-ए-तारीफ है। मामला जून 2020 में कोविड संबंधी प्रतिबंधों के दौरान तय से अधिक समय तक मोबाइल रिपेयर की दुकान खोले रखने से संबंधित था। महज इतनी-सी जुर्म के लिए पुलिस कर्मियों ने 59 वर्षीय जयराज को हिरासत में ले लिया। जब उन्हें छुड़ाने उनके 31 वर्षीय बेटे बेनिक थाने गए, तो उन्हें भी हवालात में डाल दिया गया। वहीं दोनों की मौत हो गई। मजिस्ट्रेट की जांच के दौरान उनके शरीर पर गंभीर किस्म के 18 जख्म पाए। इनमें जलने के निशान भी थे। डॉक्टरों की टीम ने पुष्टि की कि दोनों की मौत उन्हीं जख्मों के कारण हुई। इस पर भड़के जन विरोध के मद्देनजर मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई। हाई कोर्ट ने सीबीआई की इस दलील को स्वीकार किया है कि हिरासत में रात भर दी गई यातना पूर्व-नियोजित थी, इसलिए आरोपियों को अधिकतम संभव दंड मिलना चाहिए। सजायाफ्ता पुलिसकर्मियों के पास अभी सुप्रीम कोर्ट में जाने का विकल्प है। मगर अब तक की न्यायिक कार्यवाही से स्पष्ट है कि जब देश महामारी से गुजर रहा था, उन पुलिसकर्मियों ने अपने अधिकार का दुरुयोग किया। दो आम नागरिकों को हिरासत में लेकर उन्होंने उनकी जान ले ली। उनका मकसद क्या था, इस बारे में अनुमान ही लगाए जा सकते हैं। मगर ऐसी घटना किसी रूप में क्षम्य नहीं है। डीके बसु बनाम पश्चिम बंगाल सरकार के मामले में 1997 में सर्वोच्च न्यायालय ने हिरासत में मौतों को अत्यधिक गंभीरता से लेते हुए इस बारे में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए थे। लेकिन उसके बाद देश का माहौल बदलता चला गया, जिससे नागरिक अधिकार पृष्ठभूमि में चले गए। मगर मद्रास हाई कोर्ट ने अपने ताजा फैसले से उन अधिकारों को फिर बल प्रदान किया है।

# राघव चड्ढा की बगावत और आम आदमी पार्टी का भविष्य क्या यह एक राजनीतिक मोड़ है या टूट की शुरुआत

कांतिलाल मांडोत

भारतीय राजनीति में दल बदल और आंतरिक बगावत कोई नई बात नहीं है लेकिन जब किसी उभरती हुई पार्टी के भीतर इस तरह का बड़ा घटनाक्रम सामने आता है तो उसके दूरगामी असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हाल ही में राघव चड्ढा और उनके साथ कई राज्यसभा सांसदों का आम आदमी पार्टी से अलग होकर भारतीय जनता पार्टी में जाने का फैसला एक बड़े राजनीतिक बदलाव का संकेत देता है। यह केवल व्यक्तियों का दल बदल नहीं बल्कि एक संगठन की आंतरिक स्थिति और उसकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

आम आदमी पार्टी ने अपने गठन के समय खुद को एक वैकल्पिक राजनीति के रूप में प्रस्तुत किया था। ईमानदारी पारदर्शिता और जनहित के मुद्दों को केंद्र में रखकर इस पार्टी ने तेजी से लोकप्रियता हासिल की। दिल्ली में लगातार जीत और पंजाब में सरकार बनाना इस बात का प्रमाण था कि जनता ने इस पार्टी को स्वीकार किया है। लेकिन अब जिस तरह से पार्टी के भीतर असंतोष और टूट सामने आ रही है वह यह संकेत देता है कि अंदरूनी ढांचे में कहीं न कहीं कमजोरी मौजूद है।



राघव चड्ढा का पार्टी से अलग होना अचानक नहीं हुआ। पिछले कुछ वर्षों से उनके और पार्टी नेतृत्व के बीच दूरी की खबरें सामने आती रही थीं। महत्वपूर्ण बैठकों में अनुपस्थिति सोशल मीडिया पर अलग पहचान बनाने की कोशिश और संगठनात्मक गतिविधियों से दूरी यह सभी संकेत पहले से मौजूद थे। जब उन्हें राज्यसभा में उपनेता पद से हटाया गया तो यह स्पष्ट हो गया कि संबंध सामान्य नहीं रहे हैं। इसके बाद उनका इस्तीफा और फिर भाजपा में शामिल होना एक तय दिशा की ओर बढ़ता कदम प्रतीत होता है।

इस पूरे घटनाक्रम का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है दो तिहाई सांसदों का गणित। भारतीय संविधान के तहत दल बदल कानून यह कहता है कि यदि किसी पार्टी के दो तिहाई सांसद एक साथ दूसरी पार्टी में शामिल होते हैं तो उनकी सदस्यता सुरक्षित रहती है। यही कारण है कि राघव चड्ढा ने अपने साथ पर्याप्त संख्या में सांसदों को जोड़ने का प्रयास किया। यह केवल राजनीतिक निर्णय नहीं बल्कि एक रणनीतिक कदम भी था जिससे उनकी संसदीय स्थिति बनी रहे।

यहां सवाल उठता है कि क्या यह केवल व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का मामला है या फिर पार्टी की कार्यप्रणाली में वास्तविक समस्याएं हैं। जब एक दो नहीं बल्कि कई सांसद एक साथ पार्टी छोड़ते हैं तो यह संकेत देता है कि असंतोष व्यापक है। स्वाति मालीवाल जैसे नेताओं का पहले से असहज होना और अन्य नेताओं का अचानक अलग होना यह दर्शाता है कि संवाद और विश्वास की कमी रही है। अब तुलना शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से की जा रही है। इन दोनों दलों में भी इसी तरह की टूट देखने को मिली थी जहां दो तिहाई विधायकों के अलग होने से पार्टी का नियंत्रण बदल गया। हालांकि वर्तमान स्थिति में आम आदमी पार्टी के मामले में यह टूट राज्यसभा तक सीमित है इसलिए सरकार पर तत्काल कोई खतरा नहीं है। लेकिन यदि यही स्थिति पंजाब विधानसभा तक पहुंचती है तो परिणाम गंभीर हो सकते हैं।

पंजाब इस समय आम आदमी पार्टी का सबसे मजबूत आधार है। यदि वहां भी इसी तरह का असंतोष पैदा होता है और बड़ी संख्या में विधायक अलग होते हैं तो पार्टी की पहचान और अस्तित्व दोनों पर खतरा आ सकता है। इसलिए यह घटनाक्रम केवल एक संसदीय बदलाव नहीं बल्कि भविष्य की संभावनाओं का संकेत भी है।

भारतीय जनता पार्टी के लिए यह घटनाक्रम कई मायनों में लाभकारी है। पहला राज्यसभा में उसकी संख्या बढ़ेगी जिससे विधायी प्रक्रिया में उसे मजबूती मिलेगी। दूसरा पंजाब जैसे राज्य में उसे नए चेहरों और नेटवर्क का फायदा मिलेगा। तीसरा राघव चड्ढा जैसे युवा और लोकप्रिय नेता का जुड़ना पार्टी की छवि को भी प्रभावित कर सकता है खासकर युवाओं के बीच।

लेकिन इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा असर आम आदमी पार्टी की विश्वसनीयता पर पड़ता है। जिस पार्टी ने खुद को वैकल्पिक और साफ सुथरी राजनीति का प्रतीक बताया था उसके भीतर इस तरह की टूट यह संकेत देती है कि सिद्धांत और व्यवहार में अंतर हो सकता है। विपक्षी दलों को अब यह कहने का मौका मिलेगा कि यह पार्टी भी अन्य दलों की तरह ही आंतरिक संघर्ष और स्वार्थ की राजनीति से अछूती नहीं है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि राजनीति में व्यक्तित्व और संगठन दोनों का संतुलन जरूरी होता है। यदि नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के बीच संवाद कमजोर हो जाए तो असंतोष बढ़ता है। आम आदमी पार्टी के मामले में यही स्थिति दिखाई देती है जहां कुछ नेताओं को लगता है कि उनकी भूमिका कम हो रही है या उनकी बात नहीं सुनी जा रही। आगे की राह आम आदमी पार्टी के लिए आसान नहीं है। उसे सबसे पहले अपने संगठन को मजबूत करना होगा और बचे हुए नेताओं के बीच विश्वास कायम करना होगा। साथ ही उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। इसके लिए पारदर्शी संवाद और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया जरूरी है।

दूसरी ओर यह भी संभव है कि यह संकट पार्टी के लिए एक अवसर साबित हो। कई बार संकट संगठन को आत्ममंथन का मौका देता है और नई दिशा तय करने में मदद करता है। यदि आम आदमी पार्टी इस स्थिति से सीख लेकर अपने ढांचे को सुधारती है तो वह फिर से मजबूत होकर उभर सकती है।

अंत में यह कहना गलत नहीं होगा कि राघव चड्ढा की बगावत केवल एक राजनीतिक घटना नहीं बल्कि एक संकेत है। यह संकेत है कि किसी भी संगठन में आंतरिक संतुलन और विश्वास कितना महत्वपूर्ण होता है। यह भी दिखाता है कि राजनीति में सिद्धांतों के साथ साथ व्यावहारिक रणनीति भी उतनी ही जरूरी है।

आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि आम आदमी पार्टी इस चुनौती का सामना कैसे करती है और क्या वह अपने मूल आदर्शों को बनाए रखते हुए खुद को फिर से संगठित कर पाती है या नहीं। वहीं भारतीय राजनीति में यह घटनाक्रम एक और उदाहरण के रूप में दर्ज होगा जहां सत्ता संतुलन और रणनीति ने एक नई दिशा तय की।

(वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार-स्तम्भकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# भारत-दक्षिण कोरिया रिलेशन्स आज के दौर में

डॉ. प्रियंका सौरभ

भारत और दक्षिण कोरिया के संबंध आज के वैश्विक दौर में नई अहमियत प्राप्त कर रहे हैं। दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्यों, आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति और क्षेत्रीय शांति के समर्थक हैं। एशिया के बदलते शक्ति संतुलन, चीन की बढ़ती आक्रामकता, आपूर्ति श्रृंखला संकट, यूक्रेन युद्ध, मध्य पूर्व तनाव और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने भारत तथा दक्षिण कोरिया को एक-दूसरे के और करीब आने का अवसर दिया है। दोनों देशों के बीच वर्षों से मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं, लेकिन अब समय की मांग है कि इन्हें नई ऊर्जा, नई दिशा और व्यावहारिक सहयोग के साथ आगे बढ़ाया जाए।

भारत और दक्षिण कोरिया के संबंध केवल आधुनिक कूटनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनके सांस्कृतिक और ऐतिहासिक आधार भी मजबूत हैं। प्राचीन समय से दोनों देशों के बीच सभ्यतागत संपर्क की चर्चा मिलती है। कोरिया में अयोध्या की राजकुमारी सुरिरत्ना, जिन्हें वहां रानी ह्यो ह्वांग-ओक के रूप में जाना जाता है, का उल्लेख दोनों देशों को सांस्कृतिक रूप से जोड़ता है। यह संबंध आज भी लोगों के बीच भावनात्मक जुड़ाव का आधार है। इसी कारण दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान, पर्यटन और जनसंपर्क की संभावनाएँ बहुत अधिक हैं। राजनयिक स्तर पर भारत और दक्षिण कोरिया ने वर्ष 1973 में औपचारिक संबंध स्थापित किए थे। उसके बाद से दोनों देशों के रिश्तों में लगातार प्रगति हुई है। वर्ष 2010 में संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया गया और बाद में इसे विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल दिया गया। इससे स्पष्ट होता है कि दोनों देश एक-दूसरे को दीर्घकालिक सहयोगी के रूप में देखते हैं। उच्च स्तरीय यात्राएँ, विदेश मंत्री स्तर की बैठकें, व्यापारिक संवाद और रक्षा वार्ताएँ इन संबंधों को लगातार मजबूत कर रही हैं। आर्थिक क्षेत्र में दक्षिण कोरिया भारत के लिए एक महत्त्वपूर्ण साझेदार है। दक्षिण कोरिया तकनीकी रूप से उन्नत, औद्योगिक रूप से मजबूत और निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था वाला देश है, जबकि भारत विशाल बाजार, युवा जनसंख्या और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा है। यही कारण है कि दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश की व्यापक संभावनाएँ मौजूद हैं। द्विपक्षीय व्यापार हाल के वर्षों में बढ़ा है और लगभग 27 अरब डॉलर तक पहुँच चुका है। हालांकि यह क्षमता की तुलना में अभी भी कम है। भारत का दक्षिण कोरिया के साथ व्यापार घाटा भी चिंता का विषय बना हुआ है। दक्षिण कोरिया की प्रमुख कंपनियाँ भारत में लंबे समय से निवेश कर रही हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, मोबाइल निर्माण, स्टील, शिपबिल्डिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में कोरियाई कंपनियों की मजबूत उपस्थिति है। भारत में विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए दक्षिण कोरिया का निवेश अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। "मेक इन इंडिया", "डिजिटल इंडिया", "स्टार्टअप इंडिया" और "ग्रीन एनर्जी" जैसे अभियानों में कोरियाई तकनीक तथा पूंजी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

इसके बावजूद कुछ चुनौतियाँ भी हैं। वर्ष 2010 में व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता यानी CEPA लागू किया गया था, जिसका उद्देश्य व्यापार को गति देना था। लेकिन अपेक्षित परिणाम पूरी तरह सामने नहीं आए। गैर-टैरिफ बाधाएँ, गुणवत्ता मानकों से जुड़े नियम, जटिल नियामक प्रक्रियाएँ, लॉजिस्टिक समस्याएँ और बाजार पहुँच की कठिनाइयाँ व्यापार वृद्धि में रुकावट बनती रही हैं। भारत को अपने निर्यात में विविधता लानी होगी, जबकि दक्षिण कोरिया को भारतीय उत्पादों और सेवाओं के लिए अधिक अवसर उपलब्ध कराने होंगे। आज वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बड़े बदलाव हो रहे हैं। कंपनियाँ केवल चीन पर निर्भरता कम करना चाहती हैं और नए उत्पादन केंद्र खोज रही हैं। यह स्थिति भारत और दक्षिण कोरिया दोनों के लिए अवसर लेकर आई है। दक्षिण कोरियाई कंपनियाँ यदि भारत में बड़े पैमाने पर उत्पादन केंद्र स्थापित करती हैं, तो उन्हें विशाल बाजार, सस्ती श्रमशक्ति और रणनीतिक स्थिति का लाभ मिलेगा। वहीं भारत को तकनीक, रोजगार और निर्यात क्षमता में वृद्धि प्राप्त होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, बैटरी निर्माण, ऑटोमोबाइल, रक्षा उत्पादन और जहाज निर्माण ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ सहयोग तेजी से बढ़ सकता है।

रणनीतिक दृष्टि से भी दोनों देशों का सहयोग अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। भारत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्वतंत्र, खुला और समावेशी व्यवस्था का समर्थन करता है। दक्षिण कोरिया भी क्षेत्रीय स्थिरता और समुद्री सुरक्षा का समर्थक है। चीन की आक्रामक नीतियाँ, समुद्री मार्गों पर दबाव और क्षेत्रीय तनाव ने कई देशों को नए साझेदार खोजने पर मजबूर किया है। भारत और दक्षिण कोरिया इस संदर्भ में स्वाभाविक सहयोगी बन सकते हैं। हालाँकि दक्षिण कोरिया की सुरक्षा प्राथमिकताएँ कुछ अलग हैं। उसका प्रमुख ध्यान उत्तर कोरिया के परमाणु खतरे और अमेरिका के साथ सैन्य गठबंधन पर केंद्रित रहता है। दूसरी ओर भारत की चिंताएँ चीन, हिंद महासागर, सीमा सुरक्षा और क्षेत्रीय संतुलन से जुड़ी हैं। फिर भी दोनों देशों के हित कई क्षेत्रों में समान हैं। रक्षा उद्योग सहयोग, साइबर सुरक्षा, समुद्री निगरानी, आतंकवाद विरोधी प्रयास और नई सैन्य तकनीकों में संयुक्त कार्य किया जा सकता है। रक्षा क्षेत्र में दक्षिण कोरिया ने विश्व स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। उसके पास आधुनिक रक्षा उत्पादन क्षमता है। भारत यदि संयुक्त उत्पादन, तकनीकी हस्तांतरण और अनुसंधान सहयोग पर जोर दे, तो दोनों देशों को लाभ हो सकता है। भारत की आत्मनिर्भर रक्षा नीति और दक्षिण कोरिया की तकनीकी क्षमता मिलकर नई संभावनाएँ पैदा कर सकती हैं। तकनीक आज अंतरराष्ट्रीय संबंधों का सबसे महत्त्वपूर्ण आधार बन चुकी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, 5G, 6G, सेमीकंडक्टर, रोबोटिक्स, हरित ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन और डिजिटल नवाचार भविष्य की अर्थव्यवस्था तय करेंगे। दक्षिण कोरिया इन क्षेत्रों में अग्रणी देशों में शामिल है, जबकि भारत डिजिटल प्रतिभा, सॉफ्टवेयर क्षमता और स्टार्टअप इकोसिस्टम के कारण तेजी से आगे बढ़ रहा है। यदि दोनों देश "डिजिटल ब्रिज" बनाकर साथ काम करें, तो एशिया में तकनीकी नेतृत्व का नया मॉडल सामने आ सकता है। शिक्षा और मानव संसाधन सहयोग भी संबंधों को मजबूत कर सकता है। भारतीय छात्र दक्षिण कोरिया में उच्च शिक्षा, अनुसंधान और तकनीकी प्रशिक्षण के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। वहीं कोरियाई छात्र भारत की संस्कृति, इतिहास, योग, आयुर्वेद, सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंधन शिक्षा से लाभ उठा सकते हैं। विश्वविद्यालयों के बीच साझेदारी, छात्रवृत्तियाँ और संयुक्त शोध कार्यक्रम भविष्य में मजबूत आधार बन सकते हैं। सांस्कृतिक स्तर पर दोनों देशों के बीच लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। भारत में कोरियाई संगीत, फिल्मों और टीवी कार्यक्रमों की लोकप्रियता बढ़ी है। वहीं दक्षिण कोरिया में भारतीय योग, भोजन, नृत्य और आध्यात्मिक परंपराओं के प्रति रुचि देखी जा रही है। यह सांस्कृतिक जुड़ाव केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि लोगों के बीच विश्वास और समझ को बढ़ाने का माध्यम है। पर्यटन, सांस्कृतिक उत्सव, भाषा शिक्षा और मीडिया सहयोग से यह रिश्ता और गहरा हो सकता है। भविष्य की दृष्टि से भारत और दक्षिण कोरिया को केवल औपचारिक बैठकों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। व्यापार लक्ष्य स्पष्ट हों, निवेश प्रक्रियाएँ सरल हों, नई तकनीकों पर संयुक्त मिशन बनें, रक्षा उद्योग सहयोग बढ़े और युवाओं के बीच सीधा संपर्क मजबूत किया जाए। 2030 तक व्यापार को 50 अरब डॉलर से अधिक ले जाने का लक्ष्य व्यावहारिक रूप से संभव है, यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति और नीतिगत स्पष्टता दिखाई जाए। भारत के लिए दक्षिण कोरिया केवल एक व्यापारिक साझेदार नहीं, बल्कि तकनीकी और रणनीतिक सहयोगी है। वहीं दक्षिण कोरिया के लिए भारत एक विशाल बाजार, विश्वसनीय लोकतांत्रिक मित्र और भविष्य की आर्थिक शक्ति है। बदलती विश्व व्यवस्था में ऐसे साझेदारों का महत्व और बढ़ जाता है। निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि भारत-दक्षिण कोरिया संबंध आज के दौर में नई संभावनाओं के मोड़ पर खड़े हैं। यदि दोनों देश व्यावहारिक सहयोग, पारस्परिक विश्वास और दीर्घकालिक दृष्टि के साथ आगे बढ़ते हैं, तो यह साझेदारी केवल द्विपक्षीय संबंधों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि एशिया और विश्व में स्थिरता, समृद्धि और संतुलन की नई मिसाल बन सकती है।

(डॉ. प्रियंका सौरभ, पीएचडी (राजनीति विज्ञान), कवयित्री एवं सामाजिक चिंतक हैं।)




**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज कारोबारी गतिविधियों में फाइनेंस का ध्यान जरूर रखें। आज व्यवसायियों के साथ चल रही प्रतिस्पर्धा से दूर रहें। आज नौकरी कर रहे लोगों को कार्यभार की अधिकता की वजह से व्यस्तता रहेगी और अतिरिक्त समय भी देना पड़ेगा। आपके उत्तम व्यक्तित्व और व्यवहार कुशलता की वजह से सामाजिक गतिविधियों में आपकी प्रतिभा खुलकर सामने आएगी।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। सकारात्मक विचारधारा वाले लोगों के संपर्क में रहने का अवसर मिलेगा। आज अपनी मूल्यवान वस्तुओं को बहुत संभालकर रखें,साथ ही अनावश्यक बढ़ते खर्चों पर भी अंकुश लगाएं। आज छात्रों को अपने करियर संबंधी चिंता रहेगी। अधिकतर व्यावसायिक काम समय पर निपट जाएंगे। परंतु कार्यभार की अधिकता अभी बनी रहेगी।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज शुभ समाचार मिलेगा और खास काम बन जाने से मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ेगा और सफलता भी हासिल होगी। किसी प्रकार की प्रॉपर्टी संबंधी अगर मामला रुका हुआ है, आज उस पर ध्यान केंद्रित करें। आज सफलता पाने के लिए बहुत अधिक मेहनत की भी जरूरत है। दूसरों की बातों पर विश्वास ना करके अपने निर्णय को ही सर्वोपरि रखेंगे तो आपका काम बन जायेगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी विशेष प्रयोजन को हासिल करने के लिए प्रयासरत रहेंगेऔर काफी हद तक सफल भी रहेंगे। आज घर में नवीन वस्तु की खरीदारी भी संभव है। साथ ही निकट संबंधियों की भी आवाजाही बनी रहेगी। आज मन मुताबिक तरीके से काम ना बनने पर थोड़ी उलझन होगी।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपके प्रयासों से परिस्थितियां अनुकूल बन रही हैं। लेकिन सिर्फ इतना ध्यान रखना है कि किसी भी कार्य को करने से पहले उसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर विचार अवश्य करें। आज विद्यार्थी वर्ग पढ़ाई और करियर से संबंधित गतिविधियों को लेकर गंभीर रहेंगे। अपरिचित लोगों पर बिल्कुल भी भरोसा ना करें।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। बिजनेस में निजी कामों के कारण बिजनेस में लापरवाही न करें। हर काम योजना बनाकर पूरा करने की कोशिश करें। नौकरी कर रहे लोग को काम की अधिकता की वजह से ऑफिस ससे घर पहुंचने में देर होगी। आज आपको खास उपलब्धि मिलने वाली है इसलिए व्यवस्थित दिनचर्या बनाएं और अपने कार्य के प्रति समर्पित रहे।

**तुला राशिः** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। इस समय परिस्थिति बहुत ही अनुकूल बनी हुई है। आपको अपनी मेहनत के बेहतरीन परिणाम मिलने वाले हैं। आज फोन कॉल के माध्यम से महत्वपूर्ण सूचना मिलने की संभावना है। अपने ऊपर भरोसा रखें, दूसरों की बातों में आकर निर्णय लेने से बचे। आज वाद-विवाद की स्थिति से दूर रहें। किसी भी तरह के लेनदेन करने के लिए पहले चीजों को अच्छे से समझ लें।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपके द्वारा कई तरह की गतिविधियां होने वाली है। अपनी दिनचर्या और व्यक्तित्व के प्रति जागरूक रहें। आज आपको आय के कई मौके मिलने वाले है। इस मौके को हाथ से ना जाने दें। अपनी योजनाओं को गोपनीय तरीके से शुरू करेंगे। किसी काम में अनुरूप परिणाम न मिलने से थोड़े परेशान होंगे लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप अपने दिनचर्या में बदलाव करेंगे, जिसका अच्छा रिजल्ट आयेगा। आज किसी समस्या का समाधान मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। जिससे आप अपने आपको पुनः ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। युवाओं को अपने करियर से संबंधित उपलब्धि मिलने की उम्मीद है।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप पिछले कुछ समय से की गई गलतियों से सीख लेंगे और आगे बढ़ेंगे। इस तरह की गई कोशिश से आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा और रिश्ते में भी मधुरता बढ़ेगी।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आपके उचित सहयोग और व्यवस्थित रहने से घर और व्यवसाय दोनों जगह शांत वातावरण बना रहेगा। नजदीकी यात्रा भी संभव है जो की लाभदायक रहेगी। रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ भी कुछ समय बिताने से रिश्ते में मजबूती आएगी।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका व्यक्तिगत कार्य संपन्न होने वाला है। सामाजिक गतिविधियों में अपनी उपस्थिति जरूर रखें। साथ ही अनुभवी और सकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों के साथ में रहे। इससे आपका विचार शैली में नयापन आएगा। आज बेवजह की गतिविधियों में समय नष्ट ना करें

# जीवन का शतक पार कर चुके स्वतंत्रता सेनानी प्रह्लाद प्रजापति ढाई करोड़ सेनानी परिवारों के मुखिया!

डॉ. श्रीगोपाल नारसन

आजादी के आंदोलन में सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर प्रह्लाद प्रजापति को स्वतंत्रता सेनानी होने का सम्मान तो मिला ,लेकिन स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को वह सम्मान तथा पहचान नही मिल पाई ,जिसके वे हकदार है।इसीलिए अपने जीवन शतक के बाद भी प्रह्लाद प्रजापति देश के उन ढाई करोड़ सेनानी परिवारों का आत्म सम्मान बढाने के लिए उनके हक की लड़ाई संगठन समन्वयक हरिराम गुप्ता,उपाध्यक्ष अवधेश पंत व महामंत्री कुमार पटेल आदि के साथ मिलकर लड़ रहे है। देश की आजादी में अपना अहम योगदान करने और फिर आजादी मिलने पर देश की आजादी के लिए लड़ने वाले स्वाधीनता सेनानियों के सपनो का भारत बनाने के लिए एक सौ एक वर्ष की आयु पूरी कर लेने पर भी संघर्षरत महान स्वतंत्रता सेनानी प्रहलाद प्रजापति चाहते है कि देशभर में मौजूद ढाई करोड़ स्वतंत्रता सेनानी परिजनों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान के लिए उनका चिन्हीकरण किया जाए और उन्हें तत्सम्बन्धी परिचय पत्र जारी किए जाए।उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में बनकटा बाजार क्षेत्र के निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. प्रह्लाद प्रजापति अपने जीवन के एक सौ एक वर्ष पूरे कर लेने को अपना सौभाग्य मानते है,उनका कहना है कि अपने आश्रितों की देश के प्रति कुछ कर गुजरने की ललक देखकर उनका सीना चौड़ा हो जाता है। स्वाधीनता सेनानी प्रहलाद प्रजापति पर भारत सरकार ने सन 2022 में डाक टिकट भी जारी किया है। भारत सरकार के डाक विभाग ने लालकिले की तस्वीर के साथ स्वाधीनता सेनानी प्रहलाद प्रजापति की तस्वीर लगाकर 5 रुपये का डाक टिकट जारी किया है।इस अवसर पर उन्हें भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यक्तिगत मिलकर उनके राष्ट्र के प्रति योगदान की सराहना भी की।डॉ प्रहलाद प्रजापति ने अपनी इस उपलब्धि के लिए भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।प्रहलाद प्रजापति इन दिनों स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और स्वतंत्रता सेनानियों के उत्तराधिकारियों के साथ मिलकर देश मे रचनात्मक अभियान चला रहे है।प्रहलाद प्रजापति का देश को आजाद कराने में अहम योगदान रहा है। उनके चाचा रामफल प्रजापति भी एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उन्होंने कई बार आजादी का बिगुल फूंका, जिससे उनको जेल जाना पड़ा था। अपने चाचा रामफल प्रजापति के साथ ही डॉ. प्रहलाद ने भी अंग्रेजों से लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाई और यातनाएं सहने के बाद भी हार नहीं मानी। इसलिए भारत सरकार के द्वारा उन्हें कई बार सम्मानित होने का मौका मिला।लेकिन उन्होंने कभी सत्ता के साथ चलने ,सत्ता की हा में हा मिलाने की कोशिश नही की बल्कि वे जहां कमिया है उसकी भी आवाज़ उठाते है और जहां अच्छा काम हुआ है,उसकी तारीफ़ करने से भी नही चूकते।उनका स्पष्ट मानना है कि वे जिन लोगो का आजादी के आंदोलन में योगदान रहा है,उन्हें कभी नही भुला सकते ,बल्कि ऐसे महान लोगो के पदचिन्हों पर भावी पीढ़ी को चलाने और उनके प्रति श्रद्धाभाव के प्रति कृतसंकल्प है।उनकी शिकायत है कि सरकार स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की तरफ ध्यान नहीं दे रही है,जबकि इन्ही परिवारों के बलबूते आज देश आजाद है और हम खुले मन से आजादी की सांस ले पा रहे है। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की संगठन शक्ति बढ़ाने के लिए देश के सभी जिले के स्वतंत्रता सेनानी परिवारो को संगठन से जुड़ने की वकालत की।उनका मानना है कि आजादी के आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार के लोगो को देश की अग्रिम पंक्ति का नागरिक माना जाना चाहिए ।जिसके लिए वे लगातार मांग करते चले आ रहे है।उनका कहना है कि स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के परिवारों को एक माला में पिरोकर उन्हें अपने पूर्वजों के मान-सम्मान और अपने स्वयं के अस्तित्व की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए ही प्रतिबद्धित और संकल्पित किया जा रहा है।स्वतंत्रता सेनानी और शहीदों की शौर्य गाथाएं हमारे देश को उत्तर से लेकर दक्षिण तक तथा पूर्व से लेकर पश्चिम तक एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती हैं ।यही स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद का उद्देश्य भी है ,ताकि हम अपने पूर्वज स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के बलिदान को याद रखें, उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करें, जिससे आने वाली पीढ़ियां उनसे प्रेरणा लेती रहें तथा उनका बलिदान कभी भी विस्मृत न होने पाए।इसके लिए शहीदों की जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल कराये जाने की मांग भी संगठन के माध्यम से उठती रही है।हरिद्वार में अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन के अमर शहीद जगदीश प्रसाद वत्स जैसे राष्ट्रभक्तो की जीवनी शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल हो,इसके लिए केंद्र व राज्य सरकारों से मांग की गई है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# आईपीएल 2026 : केएल राहुल का ऐतिहासिक शतक, आईपीएल में सबसे बड़ी भारतीय पारी का रिकॉर्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आईपीएल 2026 के 35वें मुकाबले में शनिवार को अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम एक ऐतिहासिक पल का गवाह बना, जब दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने पंजाब किंग्स के खिलाफ विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए कई रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। राहुल ने मात्र 67 गेंदों पर 16 चौकों और 9 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 152 रनों की अविश्वसनीय पारी खेली, जिससे वह आईपीएल इतिहास में सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि हासिल करते हुए अभिषेक शर्मा के पिछले साल के 141 रनों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इतना ही नहीं, राहुल अब दिल्ली कैपिटल्स की ओर से भी आईपीएल में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने ऋषभ पंत के 2018 में बनाए गए 128 रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। राहुल की यह पारी आईपीएल इतिहास की तीसरी सबसे बड़ी पारी है। उनसे पहले केवल वेस्टइंडीज के क्रिस गेल (नाबाद 175) और न्यूजीलैंड के ब्रेंडन मैक्कुलम (नाबाद 158) ही 150 से अधिक रनों की पारी खेल पाए हैं, जिससे राहुल इस विशिष्ट सूची में शामिल होने वाले महज तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। राहुल ने अपनी इस शानदार पारी में नीतीश राणा के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए मात्र 95 गेंदों में 220 रनों की एक यादगार साझेदारी निभाई। यह साझेदारी आईपीएल इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी भी है, जिसने पंजाब किंग्स के गेंदबाजों को बेबस कर दिया और उन्हें कोई मौका नहीं दिया। नीतीश राणा भी बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने 44 गेंदों में 11 चौकों और 4 छक्कों की मदद से ताबड़तोड़ 91 रनों की पारी खेलकर राहुल का बखूबी साथ दिया। राहुल और राणा के इस आक्रामक प्रदर्शन की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में केवल 2 विकेट खोकर 264 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स का अब तक का सर्वोच्च स्कोर भी है, जिसने साल 2024 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ बनाए गए 4 विकेट पर 257 रनों के अपने ही पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इस धमाकेदार प्रदर्शन ने दिल्ली को एक मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया है और आईपीएल के इतिहास में एक और शानदार रिकॉर्ड दर्ज हो गया है, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

## महिला प्रशंसक ने सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का हाथ पकड़कर खींचा

**एजेंसी, जयपुर**



सनराइजर्स हैदराबाद के आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा आईपीएल में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। राजस्थान रॉयलस के खिलाफ भी उन्होंने शतकीय पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। अपनी तूफानी बल्लेबाजी के कारण वह प्रशंसकों में भी खासे लोकप्रिय हैं। यही लोकप्रियता अब उनकी मुश्किलें बढ़ा रही हैं।

यहां एक महिला प्रशंसक ने अचानक ही उनका हाथ पकड़ लिया और अपनी ओर खींचने का प्रयास किया। इससे अभिषेक हैरान हो गये। इसी दौरान सुरक्षाकर्मियों ने हस्तक्षेप कर उन्हें छुड़ाया। इससे वह असहज और नाराज दिखे। यह घटना तब हुई जब अभिषेक अपनी टीम के होटल से स्टेडियम की ओर जा रहे थे। भारत में जिस प्रकार से क्रिकेट का जुनून है उसमें प्रशंसक कभी-कभी अपने स्टार खिलाड़ियों को देखकर बेकाबू हो जाते हैं। वहीं कहा जा रहा है कि प्रशंसकों को भी खिलाड़ियों की निजी सुरक्षा और उनके स्पेस का सम्मान करना चाहिये। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें अभिषेक परेशान दिख रहे हैं।

वहीं सुरक्षाकर्मी उन्हें भीड़ से बचाने का प्रयास करते दिखे। हालांकि इस घटना के बाद भी अभिषेक की बल्लेबाजी पर कोई असर नहीं पड़ा से यादगार रही। उन्होंने महज 29 गेंदों में शानदार 57 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उनकी इस विस्फोटक पारी में एक छक्का और 11 चौके शामिल थे, जिसने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस सत्र में ऑरेंज कैप की दौड़ में अभिषेक सबसे आगे हैं, जो उनकी शानदार निरंतरता को दर्शाता है।

## करुण के बचाव में उतरे अश्विन, दिल्ली की हार के लिए टीम प्रबंधन को बताया जिम्मेदार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पंजाब किंग्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की हार के बाद से ही इसके पीछे के कारणों पर बहस चल रही है। इस मैच में केएल राहुल के शतक से दिल्ली ने 264 रनों का बड़ा स्कोर बनाया था पर उसे फिर भी हार झेलनी पड़ रही है। इसके लिए करुण नायर को भी एक कारण बताया जा रहा है। नायर ने इस मैच में पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर का कैच छोड़ दिया था। इसके कारण नायर को हार के लिए दोषी माना गया पर पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने करुण का बचाव करते हुए कहा कि हार का कारण टीम प्रबंधन की गलती है। मैच में पंजाब ने 265 रनों का लक्ष्य हासिल कर दिल्ली को हैरान कर दिया। इस मैच में दिल्ली की ओर से शतक लगाने वाले राहुल काफी थक गये थे। इस कारण वह दूसरी पारी में क्षेत्ररक्षण के लिए नहीं उतरे। यहीं दिल्ली कैपिटल्स प्रबंधन ने गलती कर दी। ङसने बेहतरीन फील्डर ट्रिस्टन स्टब्स को विकेटकीपिंग के लिए उतार दिया। ऐसे में करुण को राहुल की जगह पर फील्डिंग के लिए उतारा गया पर उन्होंने दो कैच गिरा दिये। अश्विन ने नायर का बचाव करते हुए कहा कि, 'राहुल ने 150 रन बनाए और वे काफी थक गये थे। इसलिए उन्होंने बाहर बैठने का फैसला किया। जिसके कारण स्टब्स को विकेटकीपिंग करनी पड़ी। ऐसे समय में सब्स्टीट्यूट फील्डर के लिए अचानक खेल में आना और अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं होता है।'

## वैभव की बल्लेबाजी देख कर कमिंस भी हैरान हुए

**एजेंसी, जयपुर**। राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे 15 साल के वैभाव सूर्यवंशी आईपीएल के हर मैच के साथ ही निखरते जा रहे हैं। वैभव ने यहां के सवाई मानसिंह स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 37 गेंद में 103 रनों की पारी खेली। ये वैभव का आईपीएल में इस सत्र का दूसरा शतक है। वैभव के इस शतक की सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने भी सराहना की है। वैभव ने जस प्रकार से इस सत में जसप्रीत बुमराह और जोश हेजलवुड जैसे तेज गेंदबालों को निशान बनाया। उसी प्रकार का व्यवहार उन्होंने कमिंस की गेंदों पर भी आक्रामक शॉट लगाये। वैभव ने कमिंस की पहली ही गेंद पर छक्का लगा दिया। वैभव के इस अंदाज से कमिंस भी हैरान हुए बिना नहीं रहे। उन्होंने वैभव की इस प्रकार की बल्लेबाजी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस वह अब उनके सबसे पसंदीदा खिलाड़ी बन गये हैं। कमिंस ने कहा, "एक गेंदबाज के तौर पर आपको लगातार अच्छी गेंदबाजी करनी होती है क्योंकि अगर आप विफल रहे तो बड़ा शॉट लगना तय है। अब वैभव मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी बना गया है।

## कार्लोस अल्काराज़ को बड़ा झटका: चोट के चलते फ्रेंच ओपन से बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज़ को एक बड़ा झटका लगा है। कलाई की चोट के कारण वे अगले महीने होने वाले फ्रेंच ओपन से बाहर हो गए हैं, जिससे उनका लगातार तीसरा खिताब जीतने का सपना टूट गया है। यह चोट उन्हें पिछले हफ्ते बार्सिलोना ओपन के दौरान दाहिने हाथ की कलाई में लगी थी। प्रारंभिक जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें आराम की सलाह दी, जिसके बाद उन्होंने न केवल फ्रेंच ओपन, बल्कि इटालियन ओपन से भी हटने का मुश्किल फैसला लिया है। दोनों ही टूर्नामेंट क्ले कोर्ट पर खेले जाते हैं, जो अल्काराज़ का पसंदीदा सर्फेस माना जाता है और जहां वे आमतौर पर शानदार प्रदर्शन करते रहे हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अल्काराज़ ने इस दुखद खबर की पुष्टि की। उन्होंने लिखा, आज हुए टेस्ट के बाद हमने सावधानी बरतने का फैसला किया है। इसलिए, जब तक हम मेरी स्थिति का पूरी तरह से आकलन नहीं कर लेते, मैं रोम और रोलां गैरोस में हिस्सा नहीं लूंगा। उन्होंने आगे कहा, यह मेरे लिए बेहद मुश्किल समय है, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि मैं और अधिक मजबूती के साथ वापसी करूंगा। यह बयान उनकी निराशा और दृढ़ संकल्प दोनों को दर्शाता है, लेकिन प्रशंसकों के लिए यह खबर किसी झटके से कम नहीं है। 22 वर्षीय अल्काराज़ इस साल शानदार फॉर्म में थे।

# बिजनेस


## सोना के भाव में सांकेतिक गिरावट, चांदी में मामूली बढ़ोतरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में सांकेतिक कमजोरी का रुख है। हालांकि देश के दूसरे सर्राफा बाजारों के विपरीत चेन्नई में आज सोने के भाव में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सर्राफा बाजारों में आज चांदी के भाव में भी मामूली तेजी दर्ज की गई है। सोने के भाव में आज हुए उतार-चढ़ाव के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,54,040 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,54,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, 22 कैरेट सोना आज 1,41,200 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,42,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी के भाव में आए मामूली उछाल के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखें तो पिछले सप्ताह के कारोबार में सोना और चांदी की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोने की कीमत में 1,740 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी आ गई। इसी तरह 22 कैरेट सोना साप्ताहिक आधार पर 1,600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। चांदी के भाव में भी पिछले सप्ताह के कारोबार में गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट के कारण चांदी पिछले सप्ताह के भाव की तुलना में 15 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो गई। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,54,190 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,54,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,54,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,250 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,54,910 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,42,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,54,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,54,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,41,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,54,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,41,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,54,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,41,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,54,190 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,54,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,41,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## प्ले सिंपल गेम्स लाएगी 3,150 करोड़ का आईपीओ, सेबी के पास जमा किया ड्राफ्ट पेपर




**एजेंसी, नई दिल्ली**

मोबाइल गेम्स पब्लिशिंग कंपनी प्ले सिंपल गेम्स ने स्टॉक मार्केट से 3,150 करोड़ रुपये जुटाने के लिए कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रोस्पेक्टस (डीआरएचपी) जमा कर दिया है। कंपनी के प्रस्तावित आईपीओ में प्रमोटर एमडीजीएक्स गेमिंग होल्डिंग एबी ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए अपनी हिस्सेदारी कम करेगी। इस आईपीओ में कोई भी नया शेयर जारी नहीं होगा। बता दें कि बेंगलुरू की कंपनी प्ले सिंपल गेम्स के पास सर्च, क्रॉसवर्ड, एनाग्राम, शब्दों वाले अन्य खेल और नॉन-वर्ड पजल जैसे पांच मुख्य कैटेगरी के गेम हैं। इन कैटेगरीज में इसके पोर्टफोलियो में 30 लाइव कैजुअल मोबाइल गेम हैं। दिसंबर 2025 तक उत्तरी अमेरिका, यूरोप और एशिया में प्ले सिंपल गेम्स के लगभग 49.9 लाख डेली एक्टिव यूजर थे। कंपनी के आईपीओ को मैनेज करने के लिए एक्सिस कैपिटल, जेपी मॉर्गन इंडिया और मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी को मर्चेंट बैंकर के रूप में नियुक्त किया गया है। कंपनी की वित्तीय स्थिति का बात करें तो कैलेंडर इयर 2025 में कंपनी को 359 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। यह इससे एक साल पहले के 521.1 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ की तुलना में 31.1 प्रतिशत कम है। इसी अवधि में ऑपरेशंस से कंपनी का राजस्व 20.4 प्रतिशत बढ़कर 2,259.8 करोड़ रुपये हो गया, जबकि साल इसके पहले के 2024 में कंपनी का राजस्व 1,876.9 करोड़ रुपये था।

## साप्ताहिक समीक्षा- पश्चिम एशिया में जारी तनाव से घबराया शेयर बाजार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पश्चिम एशिया में जारी जंग और कच्चे तेल की कीमत में लगातार तेजी की वजह से घरेलू शेयर बाजार एक बार फिर पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई का सेंसेक्स साप्ताहिक आधार पर 1,829.23 अंक यानी 2.33 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 76,664.21 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई के निफ्टी ने साप्ताहिक आधार पर 455.60 अंक यानी 1.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ पिछले सप्ताह के कारोबार का अंत किया। हालांकि सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की शांति वार्ता शुरू होने की उम्मीद की वजह से पहले दो कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में तेजी का रुख बना रहा, लेकिन यह तेजी टिक नहीं सकी। दोनों पक्षों के बीच प्रस्तावित शांति वार्ता के टल जाने की वजह से बुधवार से लेकर शुक्रवार तक शेयर बाजार लगातार दबाव में कारोबार करता रहा। सप्ताह के इन तीन आखिरी कारोबारी दिन की बात करें तो बुधवार से शुक्रवार के कारोबार में सेंसेक्स में 2,609.12 अंक यानी 3.29 प्रतिशत की गिरावट आ गई। इसी तरह निफ्टी भी आखिरी तीन दिन के कारोबार में 678.65 अंक यानी 2.76 प्रतिशत लुढ़क गया। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि जियो पॉलिटिकल टेंशन और कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी ने घरेलू शेयर बाजार पर लगातार दबाव बनाए रखा। इस बीच आईटी सेक्टर में हुई जोरदार बिकवाली ने घरेलू शेयर बाजार पर दबाव को और भी अधिक बढ़ा दिया। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि आईटी सेक्टर में हुई बिकवाली से आईटी इंडेक्स तो प्रभावित हुआ ही, इसके कारण स्टॉक मार्केट के सेंटीमेंट्स पर निगेटिव इफेक्ट भी पड़ा।

## सप्ताहभर में चांदी 10,000 और सोना 1,300 प्रति 10 ग्राम सस्ता हुआ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बीते सप्ताह कीमती धातुओं, खासकर सोने और चांदी, की चमक कुछ फीकी पड़ गई। प्रॉफ़िट बुकिंग और अमेरिका-ईरान के बीच संभावित बातचीत की उम्मीदों के चलते दोनों धातुओं की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई, हालांकि शुक्रवार को बाजार में कुछ सुधार देखा गया। बाजार की गति अभी भी अनिश्चित बनी हुई है, क्योंकि भू-राजनीतिक तनाव और डॉलर की स्थिति में बदलाव का डर कायम है। इस सप्ताह कीमती धातुओं के बाजार में प्रॉफ़िट बुकिंग का दबाव स्पष्ट रूप से देखा गया, जिसके कारण सोने की कीमतों में 0.34 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। चांदी ने भी बड़ी गिरावट दर्ज की, एक हफ्ते से भी कम समय में इसकी कीमतों में करीब 10,000 प्रति किलोग्राम की भारी कमी आई है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, सोने की कीमत अब 1,52,700 प्रति 10 ग्राम पर आ गई है, जबकि चांदी की कीमत :2,44,321 प्रति किलोग्राम है। पांच दिन पहले, यानी 20 अप्रैल को एमसीएक्स पर सोना 1,54,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया था, जबकि चांदी 2,54,000 रुपए प्रति किलोग्राम के पार निकल गई थी। इस प्रकार, सोने में प्रति 10 ग्राम पर लगभग 1,300 रुपए की और चांदी में लगभग 9,679 रुपए प्रति किलोग्राम की गिरावट देखी गई है।

## सीतारमण ने वित्तीय क्षेत्र से साइबर सुरक्षा पर अत्यंत सतर्कता बरतने को कहा

**एजेंसी, मुंबई**




केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को वित्तीय क्षेत्र में विनियमित संस्थाओं से साइबर सुरक्षा जोखिमों के प्रति अत्यंत सतर्क रहने का आग्रह किया। सीतारमण ने मुंबई में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के 38वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने सेबी की राष्ट्रव्यापी निवेशक जागरूकता पहल 'मिशन जागरूक' का डिजिटल रूप से शुभारंभ भी किया। सेबी के 38वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा कि किसी भी शेयर बाजार या अभिरक्षक संस्था (डिपॉजिटरी) पर एक भी साइबर हमला आर्थिक गतिविधियों को बाधित कर सकता है और आम लोगों के विश्वास को प्रभावित कर सकता है। कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित नए एवं उन्नत उपकरणों के आने से स्वचालित साइबर हमलों का खतरा बढ़ा है, जिससे साइबर सुरक्षा की आवश्यकता और अधिक महत्वपूर्ण हुई है। सीतारमण ने कहा, "केवल सेबी ही नहीं, बल्कि सभी विनियमित संस्थाओं को अत्यंत सतर्क रहना होगा। हमले के तरीके तेजी से विकसित हो रहे हैं और बचाव के साधनों को उससे भी अधिक तेजी से विकसित करना होगा।" वित्त मंत्री ने पूंजी बाजार नियामक सेबी से आग्रह किया कि वह वैश्विक नियामक संस्थाओं के साथ नियमित परामर्श की एक व्यवस्था को संस्थागत रूप दे, साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि भारतीय नियमन को अन्य देशों की नकल नहीं करनी चाहिए। इसके अलावा विदेशी पूंजी प्रवाह को लेकर बनी असहजता के बीच उन्होंने कहा कि नियामकों के बीच इस तरह का संवाद वैश्विक निवेशकों में भरोसा बढ़ा सकता है।

# ब्रदर्स एंड सिस्टर्स लेकर आ रहे हैं रिश्तों की गर्माहट मई में ओटीटी पर रिलीज होगी वेब सीरीज

वि ओटीटी के इस दौर में जहां एक ओर प्रयोगात्मक और अलग-अलग शैलियों का कंटेंट दर्शकों तक पहुंच रहा है, वहीं आज भी एक बड़ा वर्ग पारिवारिक कहानियों से गहरा जुड़ाव महसूस करता है। इसी पसंद को ध्यान में रखते हुए नई फैमिली ड्रामा वेब सीरीज 'ब्रदर्स एंड सिस्टर्स दर्शकों के लिए पेश की जा रही है। मेकर्स ने घोषणा की है कि यह शो मई में ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। इसका निर्देशन चिदंबरम मणिवन्नन ने किया है। यह सीरीज परिवार, रिश्तों और भाई-बहनों के बीच के प्यार और संघर्ष को भावुक अंदाज में पेश करती है। इस वेब सीरीज में बोस वेंकट और गायत्री शास्त्री मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। ब्रदर्स एंड सिस्टर्स की कहानी चार भाई-बहनों के इर्द-गिर्द घूमती है। सभी भाई-बहनों की सोच, करियर और जिंदगी जीने का तरीका अलग-अलग है। कोई अपने काम में व्यस्त है तो कोई अपनी निजी जिंदगी की परेशानियों से जूझ रहा है, लेकिन इन सबके बीच जो चीज उन्हें जोड़े रखती है, वह है परिवार का रिश्ता और एक-दूसरे के लिए उनका प्यार। सीरीज में इसी रिश्ते की गर्माहट और परिवार के अंदर होने वाले छोटे-बड़े उतार-चढ़ाव को दिखाया जाएगा। सीरीज



में बोस वेंकट एक सख्त पिता के किरदार में नजर आएंगे। उनका किरदार एक ऐसे व्यक्ति का है, जो कपड़ों का शोरूम चलाता है और अपने परिवार को अपने सिद्धांतों के अनुसार चलाना चाहता है। वहीं गायत्री शास्त्री एक शांत और समझदार गृहिणी की भूमिका निभा रही हैं, जो परिवार को जोड़े रखने की कोशिश करती हैं। इसके अलावा शो में राज अयप्पा, निखिला शंकर, लुथुफ, किशोर, श्रवणिता और प्रोमोथिनी जैसे कई कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। डायरेक्टर चिदंबरम मणिवन्नन ने इस शो को लेकर अपनी भावनाएं भी साझा की हैं। उन्होंने कहा, यह सीरीज मेरे दिल के बेहद करीब है। ब्रदर्स एंड सिस्टर्स सिर्फ एक कहानी नहीं बल्कि एक एहसास है। यह शो उन परिवारों की याद दिलाएगा, जिनमें हम बड़े हुए हैं। कई बार परिवारों में प्यार खुलकर नहीं दिखता, लेकिन वह हर रिश्ते में मौजूद रहता है। यही भावना इस सीरीज में देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा, आज के समय में ज्यादातर लोग सस्पेंस और थ्रिलर कंटेंट बना रहे हैं, लेकिन मैं कुछ ऐसा बनाना चाहता था जो लोगों के दिल को छू जाए। मेरा मानना है कि दर्शकों को ऐसे शो भी चाहिए जो उन्हें अपने परिवार और रिश्तों की अहमियत का एहसास कराएं। ब्रदर्स एंड सिस्टर्स को 100 एपिसोड की लंबी सीरीज के रूप में तैयार किया गया है। इसे इस तरह बनाया गया है कि दर्शक हर हफ्ते इसके नए एपिसोड का इंतजार करें।

## फिल्म है जवानी तो इश्क... से जारी हुआ जोशीला गाना वाओ वरुण का डांस उड़ा देगा होश

वरुण धवन 24 अप्रैल, 2026 को 38 साल के पूरे हो गए हैं। इस खास अवसर पर उन्होंने फैंस को एक खास तोहफा दिया है जो उनकी आगामी फिल्म है जावनी तो इश्क होना है से जुड़ा हुआ है। दरअसल फिल्म का नया गाना वाओ जारी हुआ है जो जोशीले संगीत के साथ बिल्कुल पार्टी वाली वाइब देता है। गाने में वरुण, माइकल जैक्शन स्टाइल में धमाकेदार डांस कर रहे हैं। उनके साथ मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े भी हैं। यूट्यूब पर जारी हुए इस गाने को पंजाबी गायक हार्डी संधू ने आवाज दी है। उनका साथ किरण बाजवा ने दिया है। तनिष्क बख्शी और परम राज ने संगीत दिया है, जबकि बोल रोनी अजनाली और गिल मछराई ने लिखे हैं। व्याह करावादो जी की सफलता के बाद, फिल्म का यह दूसरा गाना है जिसने आते ही फैंस का दिल जीत लिया। डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म है जावनी तो इश्क होना है 22 मई, 2026 को रिलीज होगी।



## फिल्म



## भूत बंगला की कमाई में सातवें दिन आई मंदी, फिर भी बन गई साल की तीसरी सबसे बड़ी फिल्म

प्रियदर्शन निर्देशित और अक्षय कुमार स्टारर भूत बंगला को दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है, जिसके चलते भारतीय बॉक्स ऑफिस पर इसकी कमाई अब तक अच्छी चल रही है. इसी के साथ इसने रिलीज का एक हफ्ता भी पूरा कर लिया है. चलिए यहां जानते हैं भूत बंगला ने रिलीज के 7वें दिन यानी गुरुवार को कितनी कमाई की है? भूत बंगला भारतीय सिनेमाघरों में 17 अप्रैल को रिलीज हुई थी और इसने पहले हफ्ते में अच्छा परफॉर्म किया है. इस फिल्म ने धुरंधर 2 के तूफान के बीच थिएटर्स में एंट्री की थी और इसने रणवीर सिंह की फिल्म के दबदबे को खत्म कर दर्शकों को अपने वश में कर लिया. इसी के साथ इस हॉरर कॉमेडी फिल्म ने पहले हफ्ते में अच्छी कमाई कर डाली है. हालांकि इसके कलेक्शन में सातवें दिन गिरावट भी दर्ज की गई है. फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, गुरुवार को भारत में भूत बंगला ने 5.15 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है. जिससे इस फिल्म का पहले हफ्ते का भारत में कुल कलेक्शन 84.05 करोड़ रुपये हो गया है. बता दें कि इस फिल्म ने अपने प्रीमियर से 3.75 करोड़ रुपये की नेट कमाई की थी और पहले दिन 12.25 करोड़ रुपये कमाए थे. इसके बाद दूसरे दिन इसने 19 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 23 करोड़ रुपये कमाए. रिलीज के चौथे दिन इस फिल्म की कमाई 6.75 करोड़ रुपये रही. इसके बाद पांचवें दिन का कलेक्शन 8 करोड़ रुपये और छठे दिन की कमाई 6.15 करोड़ रुपये रही.भूत बंगला ने रिलीज के 7वें दिन कमाई में बेशक मंदी देखी लेकिन इसने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. दरअसल इस फिल्म ने सात दिनों में 84.05 करोड़ की कमाई कर शाहिद कपूर की ओ रोमियो के लाइफटाइम कलेक्शन 83.35 करोड़ को मात दे दी है और इसी के साथ ये साल की तीसरी सबसे बड़ी फिल्म बन गई है.

# 'डर नहीं, दहशत हूं: शाहरुख खान की 'किंग की रिलीज डेट हुई कंफर्म



## मेकर्स ने शेयर किया नया टीजर

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की 'किंग इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की भारी-भरकम स्टारकास्ट पहले से ही सुर्खियां बटोर रही है। वहीं पिछले साल शाहरुख के बर्थडे पर फिल्म का पहला लुक सामने आने के बाद फैंस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक नया टीजर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट कंफर्म कर दी है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा इंस्टाग्राम पर 'किंग का एक खास टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया कि 'किंग क्रिसमस के मौके पर एक दिन पहले 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प कैप्शन भी शेयर किया गया, जिसमें शाहरुख खान की बॉलीवुड के बादशाह के रूप में लोकप्रियता का जिक्र किया गया। पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया, 'एक ऐसी दहाड़ जो साम्राज्य को हिला दे। किंग 24.12.2026 को आ रही है। साझी की गई छोटी सी झलक में शाहरुख खान एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। जहां वो कहते हैं, 'डर नहीं, दहशत हूं। शाहरुख खान के साथ 'पठान का निर्देशन कर चुके सिद्धार्थ आनंद ही 'किंग का निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म की कास्ट पहले से ही चर्चा का विषय बनी हुई है। इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ उनकी बेटी सुहाना खान भी नजर आएंगी। इसके अलावा फिल्म में दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, अनिल कपूर, अरशद वारसी, सौरभ शुक्ला, जयदीप अहलावत, रानी मुखर्जी, जैकी श्रॉफ, अभय वर्मा और राघव जुयाल समेत कई कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के शीर्षक का खुलासा पिछले साल 2 नवंबर को शाहरुख खान के जन्मदिन पर हुआ था। तब से ही फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ती जा रही है। पहले लुक में शाहरुख खान ग्रे कलर के बालों में एक्शन अवतार में नजर आ रहे थे। फिल्म में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण का रोमांटिक एंगल होगा।

## द केरल स्टोरी 2 की ओटीटी रिलीज तारीख का ऐलान, 8 मई को जी5 पर होगा प्रीमियर

बॉलीवुड फिल्म द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड इसी साल 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित और कामाख्या नारायण सिंह द्वारा निर्देशित यह एक क्राइम-ड्रामा फिल्म है, जिसकी पहली कड़ी 2023 में रिलीज हुई थी। फिल्म में अदा शर्मा ने मुख्य अभिनेत्री का किरदार निभाया था। वहीं 2026 में आई द केरल स्टोरी 2 सिनेमाघरों के बाद अपने डिजिटल प्रीमियर को तैयार है। निर्माताओं ने इसकी ओटीटी रिलीज का ऐलान कर दिया है। सनशाइन पिक्चर्स द्वारा निर्मित द केरल स्टोरी 2 में उल्का गुप्ता, अदिति भाटिया और ऐश्वर्या ओझा मुख्य किरदार में हैं। यह कहानी 3 ऐसी महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है, जो मुस्लिम युवकों के प्रेम-जाल में फंसकर शोषण का शिकार बन जाती हैं। उन्हें जबरन इस्लामीकरण के लिए मजबूर किया जाता है। यह कहानी पहचान, आस्था और निजी आजादी के बीच की जंग को दर्शाती है। फिल्म 8 मई, 2026 को जी5 पर रिलीज होने के लिए तैयार है।



## रकुल प्रीत सिंह ने रेड ड्रेस में ढाया कहर, पति पत्नी और वो दो एक्ट्रेस की ग्लैमरस फोटोज वायरल



बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म पति पत्नी और वो दो को लेकर चर्चा में हैं. आजकल वो फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं. अब इस बीच रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं. हर एक फोटोज में उनका अंदाज देखने लायक है. बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वो रेड कलर की शॉर्ट ड्रेस पहने दिख रही हैं. रकुल प्रीत सिंह ने अपने लुक को पूरा करने के लिए हल्का मेकअप किया हुआ है. इसके साथ उन्होंने गोल्डन इयररिंग्स पहने हैं. हाई पोनीटेल में वो बेहद खूबसूरत लग रही हैं. रकुल ने फोटोज शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, रूप दी रानी को लगता है, लाल ड्रेस चुरा लेती है... है ना? उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाईं हुई हैं. रकुल कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती नजर आ रही हैं. उनकी कालिताना अदाओं ने फैंस को दीवाना बना दिया है. पति पत्नी और वो दो एक्ट्रेस का ये अंदाज देखने लायक है. हर एक तस्वीर में उनकी खूबसरती साफ झलक रही है. रकुल प्रीत सिंह का ये स्टनिंग लुक लोगों को खूब पसंद आ रहा है. यूजर्स अलग-अलग तरह के कमेंट्स कर उनपर प्यार लुटा रहे हैं. वर्क फ्रंट की बात करें तो रकुल प्रीत सिंह जल्द ही फिल्म पति पत्नी और वो दो में नजर आएंगी. आयुष्मान खुराना, सारा अली खान और वामिका गब्बी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं. ये फिल्म 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

## हैं रजत बेदी की बेटी वेरा बेदी? एक्टर ने किया खुलासा

एक साल और..., बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली आमतौर पर बॉलीवुड एक्टर्स और एक्ट्रेसेज के बच्चे फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखते हैं और उनमें से कई कलाकार अपनी मेहनत और एक्टिंग से दर्शकों के दिलों में जगह बना लेते है. इसी बीच एक्टर रजत बेदी का एक बयान इन दिनों खूब सुर्खियों में है. हाल ही में उन्होंने अपनी बेटी वेरा बेदी को लेकर एक ऐसा खुलासा किया, जिसने सभी फैंस को एक्साइटेड कर दिया है. अपनी सुंदरता से पहले ही उन्होंने कई लोगों को दीवाना बना दिया है और अब इस खबर के आते ही सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई है. रजत बेदी से उनकी बेटी के डेब्यू के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि बेटी अभी पढ़ रही है. वो अभी अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहती है. तो एक साल और फिर वहां भी थोड़ा धमाका होगा. जिस हिसाब से पब्लिक का प्यार मिल रहा है, मुझे तो लग रहा है कि अगर वो नहीं भी चाहेगी, तो पब्लिक उसे लेकर आ ही जाएगी. उनके इस बयान ने सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू कर दी है और कई फैंस उन्हें बड़े पर्दे पर देखने के लिए एक्साइटेड है. अगर रजत बेदी की बात करें, तो उन्हें आखिरी बार आर्यन खान के पॉपुलर वेब सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में देखा गया था, जिसमें वो जराज सक्सेना के किरदार में नजर आए थे. इस सीरीज की प्रीमियर में रजत अपनी बेटी वेरा के साथ रेड कार्पेट पर पहुंचे थे, जहां उनकी खूबसूरत नीली आंखों ने खूब चर्चा बटोरी थी. वेरा की उम्र अभी 19 है और अभी वो पढ़ाई कर रही है. वो हमेशा अपने फैशन सेंस को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा में बनी रहती है.

## खाने को पकाने के लिए अपनाएं ये 4 सेहतमंद तरीके

खा खाना पकाने का तरीका हमारे भोजन के पोषण मूल्य को प्रभावित कर सकता है। कुछ तरीकों से पोषक तत्व बचाए जा सकते हैं, जबकि कुछ से नुकसान भी हो सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे सेहतमंद तरीकों के बारे में बताएंगे, जिनसे आप अपने खाने को ज्यादा पौष्टिक बना सकते हैं और सेहत के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। सही खाना पकाने का तरीका अपनाकर आप अपने भोजन का पूरा लाभ उठा सकते हैं। भाप से खाना पकाना एक बेहतरीन तरीका है, जिससे सब्जियों और अन्य खाने की चीजों के पोषक तत्व सुरक्षित रहते हैं। इस विधि में कम से कम पानी का उपयोग किया जाता है, जिससे विटामिन्स और मिनरल्स बचाए जा सकते हैं। भाप से पकाने से सब्जियों का रंग और स्वाद भी बरकरार रहता है। इसके अलावा यह तरीका खाने को अधिक ताजा और पौष्टिक बनाता है, जिससे आपके



भोजन का पूरा लाभ उठाया जा सकता है। उबालकर खाना बनाना भी एक सेहतमंद तरीका है, खासकर दालों और अनाजों के लिए। इसमें खाने की चीजों को पानी में डालकर धीमी आंच पर पकाया जाता है, जिससे उनमें मौजूद पोषक तत्व पानी में घुलकर नष्ट नहीं होते। उबालकर खाना बनाने से खाने का स्वाद भी बढ़ जाता है और यह पौष्टिक बना रहता है। इस विधि से पकाने से खाने का पूरा लाभ उठाया जा सकता है और यह आपके भोजन को अधिक पौष्टिक बनाता है। ग्रिल करना एक ऐसा तरीका है, जिससे मांसाहारी व्यंजनों को सेहतमंद बनाया जा सकता है। इसमें कम तेल का उपयोग होता है और मांसाहारी व्यंजन ताजगी भरे रहते हैं। ग्रिल करने से मांसाहारी व्यंजनों का स्वाद बढ़ता है और उनमें मौजूद चर्बी कम होती है। इसके अलावा ग्रिल करने से मांसाहारी व्यंजनों में मौजूद पोषक तत्व सुरक्षित रहते हैं, जिससे आपका भोजन अधिक पौष्टिक और सेहतमंद बनता है। यह तरीका आपके खाने को स्वादिष्ट और सेहतमंद बनाता है। भूनना एक ऐसा तरीका है, जिससे सूखे मेवे, मसाले आदि को पकाया जा सकता है। इसमें कम तेल का उपयोग होता है और स्वाद बढ़ता है। भूनने से मसालों का स्वाद और खुशबू उभरकर आती है, जिससे आपका भोजन अधिक स्वादिष्ट बनता है। इसके अलावा भूनने से पोषक तत्व भी सुरक्षित रहते हैं, जिससे आपका भोजन पौष्टिक और सेहतमंद बनता है। यह तरीका आपके खाने को ताजा और पौष्टिक बनाता है।

# Delhi Government Strengthens Heatwave Action Plan

**New Delhi**. In view of the rising temperatures and the severe heatwave situation prevailing in the capital, Delhi Chief Minister Rekha Gupta has conducted a detailed review of the 'Heatwave Action Plan 2026' and issued directives to further enhance its effectiveness. Issuing a press statement, the Chief Minister clarified that this year, the government has made its strategy even more scientific and effective compared to previous years. While special attention has certainly been paid to school children and laborers working at construction sites, specific directives have also been issued to various departments to ensure the availability of water for birds and animals. Special teams are also being deployed to assist victims of the heatwave. Emphasizing the vulnerability of Delhi's 'thermal hotspots' and 'heat island' zones, the Chief Minister noted that over the past 2–3 years, a concerning trend has been observed in Delhi where temperatures consistently remain above 40 degrees Celsius for a continuous period of 40 days. This time, the government has conducted a scientific analysis of every nook and cranny of Delhi. Based on satellite data, areas where temperatures are reaching record levels have been identified. Among these, Aya Nagar in South Delhi is considered extremely vulnerable, having previously recorded a temperature of 45.5 degrees Celsius. Similarly, temperatures of 43.7 degrees (the highest recorded in 2025) were recorded in Najafgarh (West Delhi), and 46.8 degrees (the highest recorded in 2023) in Safdarjung. Furthermore, localities such as Wazirpur, Jahangirpuri, Khyala, Shastri Park, Vishwas Nagar, Harkesh Nagar, Hari Nagar,



and Delhi Gate have emerged as major thermal hotspots. Additionally, a profound 'heat island' effect has been observed in densely populated areas situated along the outskirts of Delhi, including Sawda, Mubarakpur Dabas, Bhalswa, Nand Nagri, Gokulpuri, and Bakkarwala. The government has devised a specialized safety protocol specifically for these designated zones. These measures include stocking health centers in these areas with additional ORS packets, deploying Quick Response Teams (QRTs), and arranging for extra water tankers, among other initiatives. Demonstrating great sensitivity, the Chief Minister has directed all departments—particularly the Delhi Development Authority (DDA), the Education Department, and the Delhi Jal Board—to ensure adequate arrangements for water and shade, not only for humans but also for voiceless animals and birds. Water bowls for birds and special water structures for stray animals are being set up across all major parks, bus depots, and school campuses. The Chief Minister stated that, to protect school children from the heat and heatwaves, ORS solution will be administered to them at school before they are sent home—if deemed necessary—to mitigate the risk of dehydration during their commute. In the event of severe heatwave conditions, a complete ban will be imposed on outdoor work for laborers at construction sites between 12:00 PM and 3:00 PM. Furthermore, at workplaces, laborers will be provided not only with water but also with caps and "gamchas" (light cotton towels) to protect them from the sun. Should the need arise, the availability of first-aid kits and ice packs for workers will be ensured directly at their workplaces. The Chief Minister announced that Delhi is now moving towards implementing the 'Cool Roof Policy 2026.' Reflective coating work has been completed across approximately 28,674 square feet of the rooftops at the Kashmiri Gate Inter-State Bus Terminus (ISBT), a measure designed to keep the interior temperature of the building lower. Additionally, 'High-Pressure Misting Systems' will be utilized to keep bus stops cool, while 'Anti-Smog Guns' will be employed to help cool down the dense urban landscape. According to the Chief Minister, the Health Department has placed over 339 health centers across all 13 districts on alert and has set up special '5-bed cool rooms' in more than 30 hospitals. In the event of any emergency, citizens can contact the Delhi Government's 24x7 helplines at 1077, 1070, or 112. Additionally, 39 Quick Response Teams and trained ASHA workers have been placed on alert mode. Arrangements for cold drinking water and ORS solutions will be made at various locations; specifically, a decision has been taken to station water carts and similar facilities at busy bus stops and bus terminals. Reiterating the government's firm commitment regarding power supply, the Chief Minister stated that electricity demand in the capital could set a new record during the summer season this year. It is estimated that Delhi's peak power demand will exceed the 9,000 MW mark this season—a figure significantly higher than last year's maximum demand of 8,442 MW. In light of this massive demand, we have issued strict directives to the power distribution companies, making it clear that any power cuts will not be tolerated. The Chief Minister further stated that a special priority protocol has been implemented to ensure uninterrupted 24x7 power supply at critical locations such as hospitals, Water Treatment Plants (WTPs), and mobile towers. The power distribution companies have also been directed to keep additional Quick Response Teams and mobile transformers deployed to address issues related to transformers and technical faults, thereby ensuring that supply can be restored immediately in the event of any emergency.

## Brief news

### Police Locate Missing 13-Year-Old Girl and Reunite Her with Family

**New Delhi**. The Anti-Human Trafficking Unit (AHTU) of the Delhi Police Crime Branch has successfully located a missing 13-year-old minor girl and reunited her with her family. According to the police, the girl had gone missing from the Shahbad Dairy police station area and was subsequently traced in the Begampur locality. Pankaj Kumar, Deputy Commissioner of Police (Crime Branch), stated on Sunday that a missing person complaint regarding the 13-year-old girl was registered at the Shahbad Dairy police station on April 6. Given the girl's young age and concerns for her safety, the matter was treated with utmost seriousness. Consequently, the AHTU team of the Delhi Police Crime Branch immediately initiated an investigation. Police officials stated that the girl has undergone counseling and has been handed over to her family. Appropriate legal action is being initiated in connection with the case.

### Inter-State Drug Syndicate Busted; Cocaine Worth 5 Crore Seized



**New Delhi**. In a major crackdown against an inter-state narcotics trafficking network, the Crime Branch of the Delhi Police has busted a Bareilly-based drug syndicate. The police have recovered 456 grams of high-quality cocaine (also known as 'crank'), valued at approximately 5 crore, from this gang. Two accused individuals have been arrested in connection with the case, while continuous raids are being conducted to apprehend other members of the gang. Aditya Gautam, Deputy Commissioner of Police (Crime Branch), stated on Sunday that the Inter-State Cell Unit of the Crime Branch had received intelligence on April 10 regarding the supply of cocaine from Bareilly to the Delhi-NCR region. Acting on this information, a trap was laid near the Ghazipur roundabout, leading to the arrest of Javed Hussain (29), a resident of Bareilly. A search of his person yielded the recovery of 456 grams of high-quality cocaine. In this regard, a case was registered under the NDPS Act at the Crime Branch police station, and an investigation was initiated. According to police officials, efforts are underway to identify other members of the syndicate based on the interrogation of the arrested accused. Additionally, raids are continuing at other locations linked to the narcotics supply chain and the network.

### Main Accused in Bomb Blast Case in West Bengal's South 24 Parganas District Arrested



**New Delhi**. The National Investigation Agency (NIA) has arrested the prime accused in the bomb blast case that occurred in the South 24 Parganas district of West Bengal in March of this year. One person died in this explosion, while three others sustained serious injuries. According to the NIA, the arrested accused has been identified as Ahidul Islam Mulla, a resident of the Bijoyganj Bazar area. The agency arrested him following a detailed investigation into his role in the incident. Another accused person in this case had already been arrested by the state police. The agency stated that the investigation revealed Ahidul Islam Mulla to be a co-accused in this conspiracy. He was involved in the plot to manufacture bombs and destroy evidence. The explosion occurred while the bombs were being prepared as part of this conspiracy, resulting in the death of one of the accused persons at the scene. The incident took place in South Bamunia village, creating a sensation across the region. The NIA took over the case and initiated a comprehensive investigation. The agency further informed that the investigation into this case (RC-09/2026/NIA/DLI) is ongoing, and the roles of other accused persons are also being examined.

## One-Day Special Session of Delhi Assembly on April 28




**New Delhi**. A one-day special session of the Delhi Legislative Assembly will be held on April 28 at 11:00 AM at the Old Secretariat. This information was released by the Speaker of the Delhi Legislative Assembly, Vijender Gupta. He stated that, following the approval of the Lieutenant Governor, a notification has been issued regarding the convening of the fifth session of the Eighth Legislative Assembly. Vijender Gupta further informed that the Lieutenant Governor has prorogued the fourth session of the Eighth Legislative Assembly with immediate effect. With this formal order, the sessions that had been ongoing for a prolonged period have officially concluded, thereby paving the way for a smooth transition into the new session. He added that the Delhi Legislative Assembly Secretariat has finalized all necessary arrangements to ensure the smooth and uninterrupted conduct of the proceedings. Vijender Gupta stated that, in light of the recent bomb threats, the Secretariat has significantly bolstered security protocols across the entire complex. Strict security measures and a comprehensive security cordon have been established at the Old Secretariat to ensure the safety of members and staff during the session.

## Husband Arrested for Attempted Murder of Wife with a Knife



**New Delhi**. The police at the Khajuri Khas Police Station in North-East Delhi have arrested a husband accused of carrying out a life-threatening knife attack on his wife. During police interrogation, the accused confessed to committing the crime due to a family dispute. The accused has a prior involvement in a case of kidnapping and murder. Ashish Mishra, Deputy Commissioner of Police (DCP) for the North-East District, stated on Sunday that late in the evening on April 22, the police received information regarding a knife attack on a woman in Block A, Sonia Vihar, within the jurisdiction of the Khajuri Khas Police Station. Upon reaching the scene, the police team found the 38-year-old woman in a critically injured condition; she was immediately rushed to Jag Pravesh Chandra Hospital. After receiving preliminary treatment, she was referred to GTB Hospital, from where she was subsequently admitted to AIIMS for advanced medical care. The woman is currently undergoing treatment. In connection with the incident, a case of attempted murder was registered at the Khajuri Khas Police Station under Section 109(1) of the Bharatiya Nyaya Sanhita, and an investigation was initiated. According to the DCP, the inquiry revealed that the perpetrator of the crime was none other than the victim's husband. Acting on this information, a police team led by Inspector Jai Prakash Meena conducted raids at several locations based on technical evidence and local intelligence, leading to the arrest of the accused, Manoj Kumar (35). During interrogation, the accused disclosed that a long-standing family dispute had existed between him and his wife. Driven by this tension, and in a fit of rage, he attacked his wife with a knife. Police investigations have also revealed that the accused had previously been involved in a case involving kidnapping and murder. The police are now examining his criminal record as well as other aspects of the current case.

## Congress Worker Murdered in Bengal; Rahul, Attacking Trinamool Congress, Demands Arrest of Culprits




**New Delhi**. Rahul Gandhi—former Congress President and Leader of the Opposition in the Lok Sabha—has strongly condemned the alleged murder of Congress worker Debdeep Chatterjee in West Bengal, taking aim at the Trinamool Congress over the incident. While expressing his condolences to the bereaved family, he demanded the immediate arrest of the culprits and the provision of adequate compensation to the victim's family. Sharing a post on the social media platform 'X', Rahul Gandhi stated that this murder—allegedly committed by goons linked to the TMC in the aftermath of the elections—is highly reprehensible. He alleged that instead of democracy, a "rule of goons" (Gundaraj) prevails in West Bengal, where attempts are being made to intimidate and silence dissenting voices. He asserted that Congress politics has never been based on violence, and the party has always remained committed to the path of non-violence and adherence to the Constitution. The Congress party has lost its workers; yet, despite these losses, it has consistently upheld peaceful and democratic values. In the latest incident, he demanded the immediate arrest of the accused and called for the provision of adequate compensation—along with security cover—for the deceased's family. Rahul Gandhi declared that the Congress party would not bow down before such politics—which tarnishes India's non-violent traditions—and vowed that justice would be ensured.

## Sanjay Jamuar Appointed First CEO of Delhi Metro International Limited; to Spearhead Global Expansion



**New Delhi**. The Delhi Metro Rail Corporation (DMRC) has appointed Sanjay Jamuar as the first Chief Executive Officer (CEO) of its new international subsidiary, Delhi Metro International Limited (DMIL). This company has been established to manage metro projects—as well as operations and maintenance (O&M) activities—outside of Delhi, both within India and abroad. On Sunday, the DMRC announced that Delhi Metro International Limited has been established with government support, with the objective of advancing projects related to metro and transit systems in other Indian states and in foreign countries. Sanjay Jamuar is a former officer of the Indian Railway Traffic Service (IRTS) and possesses extensive experience working with Indian Railways and the DMRC, as well as internationally in the UK, the USA, France, the Middle East, and Europe. Consequently, his return is being viewed within the DMRC as a true "homecoming." DMRC spokesperson Anuj Dayal stated that the corporation is already providing its services on an international level; it is currently playing a consultancy role in the Dhaka Metro project in Bangladesh. Furthermore, the DMRC holds significant contracts for the management of metro projects in Chennai, Mumbai, and Patna. Moreover, the DMRC has served as a consultant for nearly all major metro projects across the country and has also participated in the construction activities of the Mumbai, Jaipur, and Patna metro systems. The DMRC believes that the formation of Delhi Metro International Limited and the appointment of Sanjay Jamuar will further strengthen the organization's global presence.

## Centre's Five-Year Project for Biodiversity Conservation in Tamil Nadu and Meghalaya




**New Delhi**. To strengthen biodiversity conservation at the grassroots level across the country and to integrate it into the development plans of Gram Panchayats, the Central Government has launched a five-year project. Under this initiative, conservation efforts will be promoted—alongside the development of livelihood opportunities—by engaging local communities, Panchayat institutions, and various agencies. Launched by the Union Ministry of Environment, Forest and Climate Change in collaboration with the National Biodiversity Authority, the project titled 'Institutional Capacity Strengthening to Safeguard Biodiversity Conservation Commitments' will run from 2025 to 2030. This project will receive financial assistance amounting to US$ 4.88 million, provided in cooperation with the Global Environment Facility and the United Nations Development Programme. This project will be implemented in two key ecological regions: Tamil Nadu and Meghalaya. In Tamil Nadu, the focus will be on the Sathyamangalam landscape—situated at the confluence of the Western and Eastern Ghats—which encompasses the Mudumalai Tiger Reserve and the Sathyamangalam Tiger Reserve. Through the participation of communities linked to these forest areas, biodiversity conservation measures will be integrated into the Gram Panchayat Development Plans. Meanwhile, in the Garo Hills region of Meghalaya, conservation efforts will be promoted at the community level through the Nokrek Biosphere Reserve, Balpakram National Park, and Siju Wildlife Sanctuary. The primary objective of the project is to empower Panchayati Raj Institutions and Biodiversity Management Committees by integrating biodiversity considerations into local development plans. Under this framework, community-participation-based conservation plans will be formulated by bringing together the Forest Department, the Revenue Department, elected representatives, and civil society organizations. Furthermore, the project will facilitate the development of innovative financial mechanisms—including Access and Benefit Sharing (ABS) arrangements, Corporate Social Responsibility (CSR) collaborations, and green micro-enterprises—to ensure that local communities secure sustainable livelihoods alongside conservation benefits. A crucial aspect of the project is knowledge management and capacity building; under this component, efforts will be directed toward scaling up and replicating the models and innovations developed in these specific regions across the entire country. It places special emphasis on the participation and empowerment of women, Scheduled Castes, and tribal communities. The Ministry stated that this initiative is based on a bottom-up approach, in which Panchayat institutions will play a pivotal role. This project will also be instrumental in advancing India's updated National Biodiversity Strategy and Action Plan (2024–2030), the targets set under the Paris Agreement, and the objectives of the Global Biodiversity Framework.